नाइलिट 2016-17

22वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान

रा.इ.सू.प्रौ.सं
NIELIT

22वाँ वार्षिक प्रतिवेदन
2016-17

विषयवस्तु

संदेश | 04

परिषदें | 08

विशेषताएं | 15

परियोजनाएं | 31



केन्द्र | 37

लेखा–परीक्षक | 79

लेखा | 80

संक्षिप्ताक्षर | 123

रवि शंकर प्रसाद
RAVI SHANKAR PRASAD

सत्यमेव जयते

मंत्री
विधि एवं न्याय
एवं
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
भारत सरकार

MINISTER OF
LAW & JUSTICE
and
ELECTRONICS & INFORMATION TECHNOLOGY
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

मुझे राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के 22वें वार्षिक प्रतिवेदन के साथ–साथ वर्ष 2016–17 के लेखों का संपरीक्षित विवरण और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

नागरिकों का डिजिटली सशक्तिकरण, 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम के मुख्य उद्धेश्यों में से एक है, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिकी, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति ने मानव जीवन के प्रत्येक पहलू को स्पर्श किया है। नाइलिट ने अपनी क्षमता निर्माण और कौशल विकास की पहल के द्वारा डिजिटली सशक्त समाज के निर्माण में भारत सरकार के इस लक्ष्य को मूर्त रूप देने की शुरुआत की है।

हम भारत को डिजिटल रूप से सशक्त राष्ट्र में बदलने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिसमें केंद्र और राज्य स्तर पर सभी सरकारी सेवाएं इस देश के प्रत्येक नागरिक को डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगी। डिजिटल ईकोसिस्टम बड़े पैमाने पर गरीबों और कमजोर वर्ग को सशक्त बनाता है तथा इसके माध्यम से किफ़ायती रूप से सरकारी सेवाओं की डिजिटल प्रदायगी की जा सकती है। लेकिन, इस डिजिटल ईकोसिस्टम की सफलता सुरक्षा और तकनीकी चुनौतियों से प्रभावित हुई है। इस संदर्भ में, नाइलिट डेटा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, ई–वेस्ट, क्लाउड कंप्यूटिंग, आईपीआर इत्यादि के विभिन्न क्षेत्रों में अपने विभिन्न कुशलता प्रयासों के माध्यम से इन चुनौतियों का सामना करने के लिए समान रूप से सक्षम है।

मुझे भारत सरकार के स्किल इण्डिया तथा डिजिटल इण्डिया कार्यक्रमों के अंतर्गत नाइलिट द्वारा किए गए प्रयासों को देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। जो भारतीय अर्थव्यवस्था की 'ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' तक पहुँचने के लिए संभवतः एक मंच तैयार कर रहा है।

यह भी माना गया है कि, डिजिटल अर्थव्यवस्था से इलेक्ट्रॉनिकी संचार और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में लाखों नौकरियों का सृजन होगा, यहां, नाइलिट की सम्पूर्ण भारत में अपनी उपस्थिति से मानव संसाधन का विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

मैं नाइलिट के सर्वांगीण विकास और इसके भावी प्रयासों में और अधिक सफलता की कामना करता हूँ।

(रवि शंकर प्रसाद)

Electronics Niketan, 6, C.G.O. Complex, Lodhi Road, New Delhi - 110003
Phone : 011-24369191, 24362626 Fax : 011-24366070

के.जे. अल्फोंस
राज्य मंत्री
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
भारत सरकार

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

K.J. ALPHONS
Minister of State
Electronics & Information Technology
Government of India

संदेश

हमारे देश का डिजिटल इंडिया मिशन, जो माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का दृष्टिकोण है, के अंतर्गत देश के प्रत्येक 1.25 अरब नागरिकों के लिए किफ़ायती दर पर विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान करने का प्रयास है। डिजिटल भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए हमारा देश सक्षम है तथा इसका सम्पूर्ण विश्व में स्वागत किया जा रहा है। भारत के नागरिकों की आकांक्षात्मक प्रेरणा हमारे डिजिटल ईकोसिस्टम को अभूतपूर्व रूप से बल प्रदान कर रही है। डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सरकार अनुकूल ईकोसिस्टम बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम व्यापक प्रयासों एवं भारत सरकार के कार्यक्रमों जैसे स्किल इंडिया, स्टैंड–अप–इंडिया, स्टार्ट–अप–इंडिया, मेक इन इंडिया, स्मार्ट सिटीज मिशन इत्यादि का मुख्य आधार बन गया है।

इस संदर्भ में, **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट्) ने** इस क्षेत्र में जैसे इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स (आईओटी), साइबर फोरेंसिक, ई–वेस्ट प्रबंधन, मोबाइल एप्लिकेशन विकास, आईपीआर आदि में वैश्विक विचारधारा को अपनाते हुए राष्ट्र में **'डिजिटल विभाजन' को कम करने की दिशा में सराहनीय प्रयास किए हैं**।

यह ध्यानार्थ है कि, नाइलिट् ने देश के विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता के फलस्वरूप ग्यारह भारतीय भाषाओं में 70 मोबाइल एप्लीकेशन (मोबाइल ऐप) लॉन्च किए हैं। कस्टमाइज़्ड मोबाइल ऐप स्किलिंग प्रदान करने का एक नया उपकरण है, जो वास्तव में उपयोगकर्ता को सुगमता से प्रत्यक्ष रूप से सेवाएं प्रदान करता है।

डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के अतिरिक्त, साइबर सुरक्षा के मूल सिद्धांतों में स्किलिंग की आवश्यकता में विभिन्न प्रकार से वृद्धि हुई है तथा इन चुनौतियों का सामना करने के लिए नाइलिट द्वारा किए गए प्रयास वास्तव में, सराहनीय है।

देश में **राष्ट्रीय डिजिटल भुगतान मिशन** (डिजीधन) के साथ–साथ **जन–धन–आधार–मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी** डिजिटल अर्थव्यवस्था के निर्माण को विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। **वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)** के कार्यान्वयन से भारतीय कराधान प्रणाली में भी क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। भारत में डिजिटल भुगतान लेनदेन को बढ़ावा देने तथा जीएसटी कार्यान्वयन को लागू करने के क्रम में, नाइलिट डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म के साथ–साथ जीएसटी प्लेटफॉर्म पर लघु व मध्यम उद्यमों और व्यापारियों को प्रशिक्षण देने की दिशा में प्रामाणिक प्रयास कर रहा है।

सरकार सुधार, निष्पादन और परिवर्तन करने का प्रयास कर रही है और देश में उपलब्ध तथा अनुपलब्धता के बीच के अंतर को कम करते हुए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम तकनीकी रूप से सशक्तिकरण कर रही है। मुझे विश्वास है कि, आगामी वर्षों में, नाइलिट निरंतर उपलब्धियां प्राप्त करेगा और डिजिटल इण्डिया के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

Digital India

(के.जे. अल्फ़ोंस)

Office : Electronics Niketan , 6, CGO Complex, New Delhi-110003, Tel. : 011-24368757-58, Fax : 011-24360958
E-mail : alphonskj@hotmail.com

सत्यमेव जयते

अजय साहनी, आई.ए.एस.
AJAY SAWHNEY, I.A.S.

सचिव
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
भारत सरकार
Secretary
Ministry of Electronics &
Information Technology (MeitY)
Government of India

संदेश

सम्पूर्ण भारत में, डिजिटल प्रौद्योगिकीयां तेजी से आर्थिक विकास और 'नागरिकों' के सशक्तिकरण के लिए मुख्य स्रोत के रूप में उभरी है। इंटरनेट का अंतिम छोर तक प्रसार बढ़ाने के साथ–साथ नए उत्पादों और सेवाओं की बढ़ती हुई मांग ने मूलतः कौशल की आवश्यकताएं बढ़ायी हैं। देश के युवाओं को 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम के तेजी से कार्यान्वयन को सुनिश्चित करते हुए आईसीटी कौशल के माध्यम से सशक्त किया जाना आवश्यक है।

इस संदर्भ में, मुझे यह उल्लेख करते हुए प्रसन्नता है कि, नाइलिट–एमईआईटीवाई की एच.आर.डी. ईकाई, समाज के सभी वर्गों, विशेषकर ग्रामीण जनसाधारण के लिए आईटी और इलेक्ट्रॉनिकी में उन्नत क्षमता निर्माण और कौशल विकास करने की दिशा में निष्ठापूर्वक प्रयासरत है।

मैं नाइलिट की राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के साथ उनके **उद्योग उन्मुखी कौशल पाठ्यक्रमों को संरेखित करने की पहल की सराहना करता हूं** जो, आगे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में बल देगा। मुझे यह उल्लेख करते हुए प्रसन्नता भी है कि, नाइलिट ने अपने विभिन्न कार्यकलापों और पाठ्यक्रमों में विविधताएं लायी है और इसमें समय की आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन किया है। नाइलिट द्वारा शुरू किए गए कई नए कार्यकलापों व प्रयासों ने आर्थिक और भौतिक रूप से प्रशंसनीय वृद्धि दर्ज की है।

मुझे यह जानकार भी प्रसन्नता हुई है कि, नाइलिट व्यापारियों और लघु व मध्यम उद्यमों की डिजिटल सक्षमता के लिए जीएसटी में प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में प्रयासरत है। न केवल, ऐसा प्रशिक्षण डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा, इसके साथ ही बेहतर अनुपालन के माध्यम से कर संग्रहण में भी वृद्धि होगी।

मुझे आशा है कि, नाइलिट नई विचारधाराओं और प्रौद्योगिकियों को अपनाते हुए गैर–औपचारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अपना निरंतर अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा।

मैं नाइलिट को इसके भावी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

(अजय साहनी)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 12 जुलाई, 2017

इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली–110003 / Electronics Niketan,6, C.G.O. Complex, New Delhi-110003
Tel.: 011-24364041 • Fax 24363434 • email : secretary@meity.gov.in

राजीव कुमार
RAJIV KUMAR
महानिदेशक
Director General

संदेश

इस समय, भारत को 'जनसांख्यिकीय लाभ की स्थिति प्राप्त है, जिसका अर्थ है कि, इसके पास निर्भर जनसंख्या की तुलना में अधिक कार्य बल हैं। वर्ष 2020 तक, भारत में औसत आयु 29 होगी और यह कामकाजी आयु वर्ग में अपनी 64% जनसंख्या के साथ विश्व का सबसे युवा देश बन जाएगा। निश्चित रूप से, यह बड़ी मानवीय संपत्ति, नवीनतम और उभरती प्रौद्योगिकियों में कौशल से लैस है, जिससे विश्व के सभी देशों में भारत का "प्रमुख स्थान" होगा। सूचना, इलेक्ट्रॉनिकी और संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी) वह क्षेत्र है जो, इन नवीनतम और उभरती हुई तकनीकी कौशलों के क्षेत्र का एक बड़ा भाग है।

हाल के वर्षों में, नाइलिट ने अपने लक्ष्यों को और दृढ़ करने के मिशन के साथ ही प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में अपना व्यापक प्रसार किया है। आईसीटी के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और कौशल में वृद्धि के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। नई योजनाएं शुरू की गई हैं; नए कार्य भी भारत सरकार की नीतियों के अनुरूप किए गए हैं। नाइलिट अप्राप्त को प्राप्त, पृथक क्षेत्रों की शुरुआत एवं अप्रमाणित को प्रमाणित करने का प्रयास कर रहा है। इसने, सभी के लिए कौशल और डिजिटल साक्षरता को उपलब्ध कराए जाने के लिए नए उत्साह और दृढ़ संकल्प के साथ सम्पूर्ण देश में केन्द्रों के साथ अपने नेटवर्क का विस्तार किया है।

कई नई पहल की शुरुआत की गई है, जिसमें क्षमता निर्माण उपाय, आंतरिक तंत्र को सबल करना, शामिल है। वर्तमान में, नाइलिट एक प्रमुख संगठन है जो, कई मंत्रालयों और सरकारी विभागों के लिए कार्यबल की भर्ती, विशेष रूप से तकनीकी कार्यबल की सुविधा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। यह विभिन्न नई उभरती हुई प्रौद्योगिकियां जैसे आईओटी, क्लाउड, कंप्यूटिंग, बिग डेटा, डेटा एनालिटिक्स, जीआईएस, साइबर सिक्योरिटी, रोबोटिक आदि हैं जिन पर, देश के युवाओं का क्षमता निर्माण और कौशल विकास किए जाने पर ध्यान दिया जा रहा है। नाइलिट ने सुसंगत प्रयास किए हैं और प्रौद्योगिकी व छात्र समुदाय सहित स्टेकहोल्डर्स के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी और वेब–आधारित सेवाओं का उपयोग करते हुए उपलब्धि प्राप्त की है।

इसके अतिरिक्त, नाइलिट देश की शिक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने और सभी को सहज रूप से उपलब्ध कराने के लिए देश में स्मार्ट कक्षा–कक्ष परियोजनाओं की शुरुआत कर रहा है। नाइलिट ने न केवल ऑनलाइन और परंपरागत रूप से राष्ट्रव्यापी परीक्षा आयोजित करने के लिए संस्थागत मॉडल तैयार करने का प्रयास किया है, बल्कि देश के प्रत्येक क्षेत्र में सहक्रिया एवं साझा अभ्यासों के माध्यम से कौशल विकास की पहल करने की व्यापक योजना भी तैयार की है।

मुझे नाइलिट टीम में सम्मिलित होने पर सम्मान की अनुभूति होती है जो, देश के समग्र विकास के लिए, भारत सरकार के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की सहायता से, निरंतर उत्तम प्रयास करेगा।

(राजीव कुमार)

NIELIT, Electronics Niketan, 6 CGO Complex, New Delhi-110 003
Tele No. : 91-11-2436 4870 / Fax : 91-11-2436 3335 / Email : dg@nielit.gov.in

अधिशासी परिषद

श्री रवि शंकर प्रसाद
अध्यक्ष
माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
तथा विधि एवं न्याय मंत्री

के.जे. अल्फोंस
उपाध्यक्ष
माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
राज्य मंत्री

श्री अजय साहनी
कार्यकारी उपाध्यक्ष
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्री केवल किशोर शर्मा
सदस्य
सचिव, उच्च शिक्षा विभाग,
एम.एच.आर.डी.

डॉ. वी. एस. चौहान
सदस्य
अध्यक्ष, विश्वविद्यालय
अनुदान आयोग

प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे
सदस्य
अध्यक्ष, अखिल भारतीय
तकनीकी शिक्षा परिषद

सुश्री अनुराधा मित्रा
सदस्य
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार,
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय

डॉ. बी. के. मूर्ति
सदस्य
वैज्ञानिक 'जी' व समूह समन्वयक (एचआर)
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
मंत्रालय

श्री राजीव कुमार
सदस्य
संयुक्त सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी
और सूचना प्रौद्योगिकी
मंत्रालय

अधिशासी परिषद

श्री विजय कुमार देव
सदस्य
महानिदेशक (प्रशिक्षण) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय

श्री आर. चन्द्रशेखर
सदस्य
प्रेसिडेंट, नैसकॉम

प्रो. (डॉ.) केटीवी रेड्डी
सदस्य
अध्यक्ष, इंस्टीट्यूशन ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन

श्री राजेन्द्र एस. पवार
सदस्य
अध्यक्ष, एनआईआईटी लि.

श्री हरि ओम राय
सदस्य
अध्यक्ष, लावा इंटरनेशनल लि.

प्रो. (श्रीमती) गीतिका कपूर
सदस्य
निदेशक, आर.ए. पोद्दार प्रबंध सस्थान, राजस्थान विश्वविद्यालय

श्री टी.के. कुरियन
सदस्य
सीईओ, प्रेमजी इन्वेस्ट

श्री कुणाल बहल
सदस्य
सीईओ, स्नैपडील

श्रीमती देबजानी घोष
सदस्य
नॉन एग्जीक्यूटिव निदेशक, यस बैंक

श्री राजीव कुमार
सदस्य सचिव
महानिदेशक, नाइलिट

प्रबंध बोर्ड

श्री अजय साहनी
कार्यकारी उपाध्यक्ष
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

सुश्री अनुराधा मित्रा
सदस्य
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

डॉ. बी. के. मूर्ति
सदस्य
वैज्ञानिक 'जी' व समूह समन्वयक (एचआर)
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्री राजीव कुमार
सदस्य
संयुक्त सचिव,
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे
सदस्य
अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

श्री आर. चन्द्रशेखर
सदस्य
प्रेसिडेंट. नैसकॉम

श्री राजीव कुमार
सदस्य सचिव
महानिदेशक, नाइलिट

वित्त एवं लेखा समिति

श्री राजीव कुमार
अध्यक्ष
महानिदेशक, नाइलिट

सुश्री अनुराधा मित्रा
सदस्य
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय
अथवा प्रतिनिधि

श्री राजीव कुमार
सदस्य
संयुक्त सचिव,
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना
प्रौद्योगिकी मंत्रालय
अथवा प्रतिनिधि

श्री ए.के. पिपल
सदस्य
निदेशक एवं एचओडी (एचआरडी)
इलेक्ट्रॉनिकी और
सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

श्रीमती चमन शर्मा
सदस्य सचिव
मुख्य वित्त अधिकारी, (प्रभारी), नाइलिट

मुख्य सतर्कता अधिकारी / कार्यकारी निदेशक / निदेशक / प्रभारी निदेशक / रजिस्ट्रार / मुख्य वित्त अधिकारी

श्रीप्रफुल्ल कुमार
मुख्य सतर्कता अधिकारी, नाइलिट व
(वरिष्ठ निदेशक, एमईआईटीवाई)
(दिनांक 1 दिसंबर, 2016 से)

डॉ. ए.के.डी. द्विवेदी
गोरखपुर

डॉ. ए.एच. मून
श्रीनगर / जम्मू

डॉ. एम.पी. पिल्लै
कालीकट

श्री टी.पी. सिंह
कोलकाता, इम्फाल, कोहिमा

डॉ एम. एम. शर्मा
चण्डीगढ़ व अजमेर

डॉ. संजीव कुमार गुप्ता
औरंगाबाद

श्री के. बरुआ
गुवाहाटी

डॉ युमनाम जयंता सिंह
कोलकाता

श्री जी. जॉन
चेन्नई

श्री एन. देबाचन्द्रा सिंह
आइजॉल

श्री वी. कृष्णमूर्ति
तिरुपति

श्री अरूप चेटर्जी
गंगटोक

श्री टी.एस. बावा
कुरुक्षेत्र

श्री आलोक त्रिपाठी
पटना

श्री अनुराग माथुर
अगरतला

मुख्य सतर्कता अधिकारी / कार्यकारी निदेशक / निदेशक / प्रभारी निदेशक / रजिस्ट्रार / मुख्य वित्त अधिकारी

श्री के.एस. लालमोहन
श्रीकाकुलम

डॉ. डी.के. मिश्रा
राँची

श्री आशीष कुमार मिश्रा
लखनऊ

श्री राजीव अग्रवाल
शिमला

श्री दीपक वासन
रोपड़

श्री सांतनु बोर्गोहैन
शिलांग

श्री शमीम खान
दिल्ली

श्री संजीव सूरी
पाली

श्री बी. एन. चौधुरी
भुवनेश्वर

श्री अनुराग कुमार
हरिद्वार

श्री जनक राज
रजिस्ट्रार
लोक शिकायत अधिकारी व
अपीलीय प्राधिकारी

श्रीमती चमन शर्मा
मुख्य वित्त अधिकारी
(प्रभारी)

अध्यक्ष, अधिशासी परिषद, नाइलिट

वर्ष	नाम
1995–1996	**प्रो. पी.वी. इंदिरेसन,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
1996–1997	**प्रो. पी.वी. इंदिरेसन,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
1997–1998	**प्रो. पी.वी. इंदिरेसन,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
1998–1999	**प्रो. सी.एस झा,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
1999–2000	**प्रो. सी.एस झा,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
2000–2001	**प्रो. सी.एस झा,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
2001–2002	**प्रो. (डॉ.) के.के. अग्रवाल,** प्रतिष्ठित शिक्षाविद
2002–2003	**डॉ. संजय पासवान,** राज्य मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2003–2004	**थिरू दयानिधि मारन,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2004–2005	**थिरू दयानिधि मारन,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2005–2006	**थिरू दयानिधि मारन,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2006–2007	**थिरू ए. राजा, मंत्री,** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2007–2008	**थिरू ए. राजा, मंत्री,** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2008–2009	**थिरू ए. राजा, मंत्री,** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2009–2010	**थिरू ए. राजा, मंत्री,** संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2010–2011	**थिरू ए. राजा,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी (14/11/2010 तक) **श्री कपिल सिब्बल,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी (15/11/2010 से)
2011–2012	**श्री कपिल सिब्बल,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2012–2013	**श्री कपिल सिब्बल,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2013–2014	**श्री रवि शंकर प्रसाद,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2014–2015	**श्री रवि शंकर प्रसाद,** मंत्री, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी
2015–2016	**श्री रवि शंकर प्रसाद,** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी
2016–2017	**श्री रवि शंकर प्रसाद,** मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी

उपाध्यक्ष, अधिशासी परिषद, नाइलिट

वर्ष*	नाम
2016–17	**श्री पी.पी. चौधरी,** राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
2017–18	**श्री के.जे. अल्फोंस,** राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

अध्यक्ष, प्रबंध बोर्ड, नाइलिट

नाम	से	तक
श्री जे. सत्यनारायण, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	14/03/2012	30/04/2014
श्री आर एस शर्मा, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	01/05/2014	07/08/2015
श्री राकेश गर्ग, भाप्रसे, सचिव, संचार विभाग	08/08/2015	30/08/2015
श्री जे.एस. दीपक. भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	31/08/2015	08/02/2016
श्रीमती अरुणा शर्मा भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	08/02/2016	28/07/2016
श्रीमती अरुणा सुंदराराजन, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	29/07/2016	22/06/2017
श्री अजय साहनी, भाप्रसे, सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय	23/06/2017	-

मुख्य कार्यकारी अधिकारी/कार्यकारी निदेशक/प्रबंध निदेशक/ महानिदेशक, नाइलिट

नाम	से	तक
श्री टी.सी. गुप्ता	09/11/1994	26/06/1999
श्री. वी.बी. तनेजा	28/06/1999	04/08/1999
श्री अरिन्दम बोस	05/08/1999	17/07/2000
डॉ. पी.एन. गुप्ता	18/07/2000	30/12/2005
श्री जी.वी. रघुनाथन	31/12/2005	28/09/2006
डॉ. वी.एन. वालीवाडेकर	29/09/2006	28/02/2007
डॉ. बी.के. मूर्ति	01/03/2007	15/07/2007
श्री जी.वी. रघुनाथन	16/07/2007	16/10/2008
डॉ. एस. बिरेन्द्र सिंह	17/10/2008	01/11/2010
डॉ. वी.एन. वालीवाडेकर	02/11/2010	18/08/2011
श्री एन. रवि शंकर, भाप्रसे	19/08/2011	28/08/2011
डॉ. वी.एन. वालीवाडेकर	29/08/2011	31/08/2011
श्री एन. रवि शंकर, भाप्रसे	02/09/2011	03/05/2012
डॉ. अजय कुमार, भाप्रसे	04/05/2012	05/08/2012
डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा	06/08/2012	05/08/2017
श्री राजीव कुमार IFoS	16/08/2017	-

* First time created in 2016

विशेष

संगठन के बारे में

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अन्तर्गत एक स्वायत्त वैज्ञानिक संस्था है। नाइलिट सूचना प्रौद्योगिकी; इलेक्ट्रॉनिकी; संचार प्रौद्योगिकियों; हार्डवेयर; साइबर कानून; साइबर सुरक्षा; आईपीआर; जीपीएस; क्लाउड कम्प्यूटिंग; ईएसडीएम; ई–अपशिष्ट; आईओटी; ई–शासन तथा संबद्ध विषयों पर क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास करने के कार्य में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। यह औपचारिक तथा अनौपचारिक दोनो ही क्षेत्रों में पाठ्यक्रम प्रदान करता है तथा एक राष्ट्रीय परीक्षा निकाय भी है जो अनौपचारिक क्षेत्र में पाठ्यक्रम चलाने के लिए संस्थानों/ संगठनों का प्रत्यायन करता है। नाइलिट कई राज्य सरकारों के कर्मचारियों तथा जनसामान्य के लिए सूचना प्रौद्योगिकी साक्षरता कार्यक्रम चलाने के लिए एक अधिमानित एजेंसी भी है।

नाइलिट **अधिशासी परिषद** के समग्र नियंत्रण एवं दिशा–निर्देशों के अन्तर्गत कार्य कर रहा है। माननीय केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री इस परिषद के अध्यक्ष हैं, जबकि परिषद के उपाध्यक्ष माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री हैं। परिषद के अन्य सदस्य सरकार, उद्योग, शैक्षिक संस्थानों तथा विभिन्न व्यावसायिक निकायों के प्रतिनिधि हैं।

सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार नाइलिट के **प्रबंध बोर्ड** के अध्यक्ष हैं। बोर्ड तथा परिषद के निर्णयों का कार्यान्वयन प्रभावी रूप में करने के लिए प्रत्येक नाइलिट केन्द्र की एक **कार्यकारी समिति** है जिसमें संबंधित राज्य सरकारों, शैक्षिक संस्थानों तथा उद्योगों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

नाइलिट की **वित्त एवं लेखा समिति** के अध्यक्ष महानिदेशक, नाइलिट हैं जो बजट अनुमान/संशोधित अनुमानों तथा संगठन के वित्तीय मुद्दों/समाधानों की सिफारिश करके अधिशासी परिषद को सहायता प्रदान करती है। इस समिति को संस्थान की सम्परीक्षित वार्षिक लेखाओं को अधिशासी द्वारा पारित किए जाने के प्रयोजन प्रस्तुत करने से पहले उनकी जाँच करने का दायित्व भी दिया गया है। वित्त एवं लेखा समिति विभिन्न वित्तीय मामलों में तथा संस्थान के लेखा–परीक्षकों की नियुक्ति के संबंध में समय–समय पर सलाह भी देती है। नाइलिट के रोजमर्रा के कार्यकलापों का प्रबंध महानिदेशक द्वारा किया जाता है।

नाइलिट के सतर्कता विभाग के प्रमुख **मुख्य सतर्कता अधिकारी** हैं। जो इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी हैं। मुख्य सतर्कता अधिकारी को प्रत्येक केन्द्र तथा नाइलिट मुख्यालय के सतर्कता अधिकारियों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। नाइलिट के सतर्कता संबंधी कामकाज में निरोधक उपाय शामिल हैं जो प्रचालन का एक स्वस्थ एवं पारदर्शी वातावरण तैयार करने के लिए आवश्यक है।

पारदर्शिता तथा जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए संस्थान में जुलाई, 2005 से सूचना का अधिकार अधिनियम के अनिवार्य प्रावधानों को कार्यान्वित किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम में उल्लिखित अपेक्षाओं के अनुसार, मुख्यालय में **लोक सूचना अधिकारी** तथा सभी नाइलिट केन्द्रों में लोक सूचना अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अनुरोधों पर कार्रवाई करने के लिए आन्तरिक कार्यविधियाँ तैयार की गई हैं और अनिवार्य सूचना नाइलिट की वेबसाइट (WWW-NIELIT-GOV-IN) पर उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त, सूचना का अधिकार अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुसार संगठन में एक पारदर्शिता अधिकारी की भी नियुक्ति की गई है। सार्वजनिक सेवाओं की प्रदायगी में उत्कृष्टता लाने तथा नागरिकों की शिकायतों का निवारण सार्थक रूप में करने के उद्देश्य से, नाइलिट ने प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के दिशा–निर्देशों के अनुसार एक **लोक शिकायत अधिकारी** की भी नियुक्ति की है। हिन्दी के प्रयोग के संबंध में संवैधानिक अनुदेशों का अनुपालन नाइलिट केन्द्रों में क्षेत्रवार प्रावधानों के अनुसार किया जा रहा है।

नाइलिट ने अगरतला, आइज़ॉल, अजमेर (केकड़ी), अलावलपुर, औरंगाबाद, अयोध्या, भुवनेश्वर, कालीकट, चण्डीगढ़, चुचुयिमलांग, चुड़ाचन्द्रपुर, चेन्नै, दिल्ली, डिब्रूगढ़, गंगटोक, गोरखपुर, गुवाहाटी, हरिद्वार, इम्फाल, ईटानगर, जम्मू, जोरहाट, कोहिमा, कोकराझार, कोलकाता, कुरुक्षेत्र, लेह, लखनऊ, लुंगलेई, पाली, पासीघाट, पटना, राँची, रोपड़, सेनापति, शिलांग, शिमला, सिलचर, श्रीनगर, तेज़पुर तथा तुरा स्थित **अपने 40 केन्द्रों** के नेटवर्क के जरिए सर्वभारतीय उपस्थिति तथा नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के माध्यम से स्वयं को एक अग्रणी संगठन के रूप में स्थापित कर लिया है। ओ/ए/बी/सी स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए यह लगभग **747+ प्रत्यायित प्रशिक्षण संस्थानों** के एक नेटवर्क से भी जुड़ा हुआ है। इसके अलावा, डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण के लिए लगभग **9444+ सुविधा केन्द्रों** का एक नेटवर्क भी है।

नाइलिट के अपने केन्द्र

(40 प्रचालनरत + 4 प्रस्तावित)

2012 से पहले	**22**	अगरतला, आइज़ॉल, औरंगाबाद, कालीकट, चण्डीगढ़, चेन्नै, चुचुयिमलांग, दिल्ली, गंगटोक, गोरखपुर, गुवाहाटी, इम्फाल, ईटानगर, जम्मू, कोहिमा, कोलकाता, लखनऊ, पटना, शिलांग, शिमला, श्रीनगर, तेज़पुर
2012-13	**6**	अजमेर, जोरहाट, सिलचर, चुड़ाचन्द्रपुर, सेनापति, लेह
2013-14	**3**	राँची, कोकराझार, लुंगलेई
2014-15	**2**	अलावलपुर, रोपड़
2015-16	**2**	पासीघाट, तुरा
2016-17	**2**	कुरुक्षेत्र, डिब्रूगढ़
2017-18	**3**	पाली, हरिद्वार, भुवनेश्वर
प्रस्तावित	**4**	बक्सर, मुज़फ्फरपुर, अल्मोड़ा, अयोध्या

बैठक / वर्ष	अधिशासी परिषद्	प्रबंध बोर्ड	वित्त एवं लेखा समिति	निदेशकों की बैठक	अकादमिक परामर्श समिति
2012	दिनांक 03.10.2012 को 30वीं बैठक	दिनांक 26.12.2012 को 06वीं बैठक	दिनांक 06.09.2012 को 24वीं बैठक	दिनांक 23.08.2012 को 15वीं बैठक	–
2013	दिनांक 08.10.2013 को 31वीं बैठक	दिनांक 08.05.2013 को 7वीं बैठक	दिनांक 09.04.2013 को 26वीं बैठक	दिनांक 06.04.2013 को 16वीं बैठक	–
	–	–	दिनांक 13.08.2013 को 27वीं बैठक	दिनांक 13.12.2013 को 17वीं बैठक	–
2014	दिनांक 29.11.2014 को 32वीं बैठक	दिनांक 05.03.2014 को 08वीं बैठक	दिनांक 25.02.2014 को 28वीं बैठक	दिनांक 03 और 04.12.2014 को 18वीं बैठक	–
	–	दिनांक 29.09.2014 को 09वीं बैठक	दिनांक 04.09.2014 को 29वीं बैठक	–	–
2015	दिनांक 28.11.2015 को 33वीं बैठक	दिनांक 13.07.2015 को 10वीं बैठक	दिनांक 20.05.2015 को 30वीं बैठक	–	–
	–	दिनांक 16.11.2015 को 11वीं बैठक	दिनांक 29.09.2015 को 31वीं बैठक	–	–
2016	दिनांक 21.12.2016 को 34वीं बैठक	दिनांक 26.02.2016 को 12वीं बैठक	दिनांक 03.05.2016 को 32वीं बैठक	दिनांक 29.01.2016 को 19वीं बैठक	दिनांक 07.12.2016 को प्रथम बैठक
	–	दिनांक 16.09.2016 को 33वीं बैठक	–	–	–
	–	दिनांक 07.06.2016 को 13वीं बैठक	–	–	–
	–	दिनांक 19.09.2016 को 14वीं बैठक	–	–	–
2017	–	दिनांक 17.01.2017 को 15वीं बैठक	दिनांक 28.02.2017 को 34वीं बैठक	दिनांक 24 और 25.01.2017 को 20वीं बैठक	दिनांक 16.02.2017 को दूसरी बैठक
	–	दिनांक 19.04.2017 को 16वीं बैठक	दिनांक 28.07.2017 को 35वीं बैठक	–	–

कौशल विकास तथा क्षमता निर्माण

कौशल विकास दीर्घकालीन विकास प्रक्रिया को प्रेरित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और यह अनौपचारिक से औपचारिक अर्थव्यवस्था में संचरण की सुविधा प्रदान करने में योगदान दे सकता है। अच्छी तरह कार्य करने के सिद्धान्त तथा कौशल विकास के डिजाइन एवं प्रदायगी के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं और ये सामाजिक रूप में उचित संचरण का कुशल प्रबंध करने का एक प्रभावी मार्ग है। राष्ट्रीय कौशल विकास नीति का उद्देश्य सुधारात्मक कौशल, ज्ञान तथा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय रूप में मान्यता प्राप्त अर्हता के माध्यम से सभी व्यक्तियों का सशक्तीकरण करना है जिससे वे अच्छा रोजगार प्राप्त कर सकें तथा वैश्विक बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित हो सके। नाइलिट आईईसीटी के क्षेत्र में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को कौशल प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नाइलिट द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले व्यापक पाठ्यक्रमों में ये शामिल हैं : (क) नाइलिट केन्द्रों द्वारा राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों/तकनीकी बोर्डों के सहयोग से चलाए जाने वाले **औपचारिक क्षेत्र** के पाठ्यक्रम जैसे कि **एमई/एम.टेक, बीई/बी.टेक, एमसीए, बीसीए** कार्यक्रम; औरंगाबाद केन्द्र भी इलेक्ट्रॉनिकी के क्षेत्र में **पीएचडी** कार्यक्रम प्रदान करता है (ख) सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर, जैव–सूचना विज्ञान आदि में चार स्तरों पर अर्थात **'ओ'** (आरम्भिक); **'ए'**

(उन्नत डिप्लोमा); 'बी' (एमसीए के समतुल्य) तथा 'सी' (एम.टेक के समतुल्य) पर **अनौपचारिक क्षेत्र** के पाठ्यक्रम; प्रमुख क्षेत्रों में **अल्पावधि पाठ्यक्रम**; तथा देश में डिजिटल साक्षरता के प्रसार के लिए **सूचना प्रौद्योगिकी साक्षरता कार्यक्रम**; और राज्य सरकारों के कर्मचारियों के सशक्तीकरण के लिए ई–शासन में विशेष कार्यक्रम। इसके अतिरिक्त, नाइलिट ने सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र की फर्मों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार विशेष रूप से तैयार कौशल विकास कार्यक्रम चलाने की विशेषज्ञता तैयार की है। भारत सरकार के 'डिजिटल भारत', 'भारत में निर्माण' तथा 'कौशल भारत' मिशन के अनुसरण में ग्रामीण युवाओं के सशक्तीकरण तथा उनकी आजीविका में अभिवृद्धि करने के प्रयोजन से नाइलिट द्वारा चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमों के कार्यक्षेत्र का विस्तार करने के लिए वर्ष 2012 से प्रयास किए गए हैं। इस बात का सुनिश्चय करने पर बल दिया गया है कि नाइलिट द्वारा जो भी नए पाठ्यक्रम तैयार किए जाएँ वे उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप हों ताकि इन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी उद्योग में आसानी से रोजगार प्राप्त कर सके। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि नाइलिट के पाठ्यक्रमों को दो श्रेणियों में रखा गया है अर्थात औपचारिक क्षेत्र तथा अनौपचारिक क्षेत्र के पाठ्यक्रम। अनौपचारिक क्षेत्र के पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत, राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जाने वाले ओ, ए, बी तथा सी स्तर जैसे दीर्घावधि पाठ्यक्रमों के अलावा नाइलिट केन्द्रों द्वारा मानक अल्पावधि पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नाइलिट के पाठ्यक्रम अद्यतन तथा उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप हों, इन पाठ्यक्रमों को सरकारी विनियमों तथा फ्रेमवर्क के अनुरूप बनाने के सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। ओ तथा ए स्तर के पाठ्यक्रमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा लागू किए गए राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षण अर्हता फ्रेमवर्क (एनवीईक्यूएफ) के अनुसार तैयार किया गया है और एनवीईक्यूएफ को राष्ट्रीय कौशल अर्हता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के साथ सम्मिलित किए जाने के फलस्वरूप नाइलिट ऐसे अग्रणी संगठनों मे शामिल है जिसने 51 पाठ्यक्रमों को एनएसक्यूएफ के साथ श्रेणीबद्ध किया है।

पाठ्यक्रमों का विविधीकरण

अद्यतन प्रौद्योगिकीय रुझानों को अपनाने के लिए नाइलिट के पाठ्यक्रमों का बड़े पैमाने पर **विविधीकरण** किया गया है। विविधीकरण के प्रयासों के माध्यम से, कौशल विकास के संवर्धन के लिए उदीयमान क्षेत्रों में प्रौद्योगिकीय क्षमताओं का लाभ उठाने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। इलेक्ट्रॉनिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अप्रचलन की तेज दर को ध्यान में रखते हुए, नाइलिट के दृष्टिकोण को तेजी से परिवर्तित होने वाले परिवेश की जरूरतों को पूरा करने के लिए सुव्यवस्थित किया गया है। अल्प अवधि में निजी क्षेत्र में इंजीनियरी महाविद्यालयों की संख्या में तेजी से वृद्धि होने के कारण ओ/ए स्तर जैसे सूचना प्रौद्योगिकी के दीर्घकालीन अनौपचारिक पाठ्यक्रमों का चयन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिसके फलस्वरूप कौशल विकास तथा क्षमता निर्माण के क्षेत्र में कार्यकलापों का विविधीकरण करने की आवश्यकता हो गई है। इसके परिणामस्वरूप अल्पावधि पाठ्यक्रमों में भर्ती तथा राजस्व के सृजन में तेजी से वृद्धि हुई है। ऐसे पाठ्यक्रमों पर बल दिया गया जिनसे रोजगार योग्यता में बढ़ोतरी हो सके। अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों के अनुसरण में, नाइलिट के कार्यकलापों का बड़ी मात्रा में विविधीकरण किया गया है और इससे ब्राण्ड निर्माण के साथ–साथ अतिरिक्त राजस्व भी प्राप्त हुआ है। विविधीकरण के माध्यम से, नाइलिट राज्य तथा राष्ट्रीय स्तरों पर परियोजनाओं का कार्यान्वयन करने के लिए एक तरजीही क्षमता निर्माण संगठन का एक प्रमुख नाम बन गया है।

प्रक्रिया पुनःइंजीनियरी

पूर्व की प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं की **पुनःइंजीनियरी** एक चुनौतीपूर्ण कार्य था जिसे नाइलिट में हासिल किया गया है और इसके परिणामस्वरूप कार्यनिष्पादन जैसे कि लागत, गुणवत्ता, सेवाओं तथा गति के महत्वपूर्ण एवं समकालीन उपायों में नाटकीय सुधार हुआ है। 'प्रक्रिया पुनःइंजीनियरी या सुधार 'कुछ अधिक बेहतर' कार्य करने के लिए चीजों में फेरबदल करने से अच्छा है। किसी विशिष्ट समस्या या घटना के अनुरूप, व्यवस्थित विश्लेषण, विकल्पों का चयन एवं मूल्यांकन तथा चुनौतियों का समाधान महत्वपूर्ण अन्तर लाने में समर्थ रहा है। नाइलिट ने प्रक्रिया पुनःइंजीनियरी के जिन प्रयासों को अपनाया है उनसे अत्यधिक वृद्धि हुई है – एक ऐसी उपलब्धि जिसे इसी प्रकार के किसी अन्य संगठन द्वारा शायद ही हासिल किया जा सकता है।

फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में प्रौद्योगिकी का प्रयोग

नाइलिट ने स्टेकहोल्डर्स को सुविधा प्रदान करने तथा प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही की भावना तैयार करने के लिए **प्रौद्योगिकी का प्रयोग** प्रभावी रूप में किया है। सभी क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी के सक्रिय प्रयोग के कारण सेवाओं की प्रदायगी समय पर, कुशलता पूर्वक एवं पारदर्शी तरीके से करने के संबंध में स्टेकहोल्डर्स में आत्मविश्वास पैदा हुआ है। इसके अलावा, ऑनलाइन प्रक्रियाओं के माध्यम से फीस के संग्रहण के फलस्वरूप निधियों की मानीटरिंग समुचित रूप में हुई है। नाइलिट द्वारा प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने के कारण प्रशिक्षण संस्थानों को प्रत्यायन/सुविधा प्राप्त करने के लिए अपने घरों/कार्यालयों से ऑनलाइन रूप में आवेदन करने की सुविधा मिली है और इस प्रकार उन्हें 24X7 के आधार पर सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। बायोमेट्रिक हाजिरी (जनवरी 2014 से) के कारण कर्मचारियों में अनुशासन तथा समय की पाबंदी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्नत/पुनःनिर्मित वेबसाइट के जरिए उसे बेहतर रूप में देख पाने के कारण नाइलिट के पाठ्यक्रमों की विपणन योग्यता बेहतर हुई है। समग्र रूप में, प्रौद्योगिकी को अपनाने के परिणामस्वरूप प्रयोग में आसानी, सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए अभिगम्यता बढ़ी है और इससे नाइलिट के विकास को बढ़ावा मिला है।

सहयोग एवं सहमति–ज्ञापनों के जरिए सहक्रिया

भविष्य का दृष्टिकोण तैयार के कारण कार्यकलापों का विस्तार तथा अग्रणी एजेंसियों के साथ सहक्रिया का सृजन हुआ है। जिन सहयोगों को विशुद्धतः गैर–अनन्य तथा गैर–वित्तीय आधार पर किया गया है उनमें 'दोनों के लिए फायदेमंद' स्थिति का सृजन करने के प्रयासों से विशिष्ट प्रौद्योगिकी को अपनाने तथा नाइलिट के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए एक समर्थक फ्रेमवर्क प्राप्त हुआ है। कुछ प्रमुख सहयोग तथा सहमति–ज्ञापन नीचे दिए गए हैं :

1. मॉन्सटर डॉट कॉम इण्डिया प्रा. लि. : नाइलिट के विभिन्न कुशलता एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रशिक्षित व्यक्तियों के लिए रोजगार योग्यता में वृद्धि करने, प्लेसमेंट की सहायता प्रदान करने तथा/अथवा रोजगार

की खोज/अवसरों की सुविधा प्रदान करने के लिए एक–दूसरे के साथ सहयोग करना अथवा तृतीय पक्षकार के साथ संयुक्त रूप में सहयोग करना। (25 अप्रैल, 2016)

2. अमेज़न इंटरनेट सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसपीएल) – इस सहमति–ज्ञापन से नाइलिट तथा इसके केन्द्रों को विभिन्न सर्टिफिकेट/डिग्री पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों के लिए अमेज़न वेब सार्विसेज़ एजुकेट कार्यक्रम उपलब्ध कराने की सुविधा प्राप्त होगी। इस गैर–अनन्य सहमति–ज्ञापन का उद्देश्य सहक्रिया का सृजन करना है जिसके जरिए नाइलिट के लगभग 25 हजार विद्यार्थियों को अमेज़न क्लाउड सर्वरों से निःशुल्क रूप में ऑनलाइन सेवाएँ तथा सूचना–सामग्री प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। (29 जून, 2016)
3. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ – सहयोग को बढ़ावा देना, वैश्विक अनुभव के लिए अवसर उपलब्ध कराना तथा पारस्परिकता, सर्वोत्तम प्रयास, आपसी लाभ तथा नियमित विचार–विमर्श के आधार पर ज्ञान में वृद्धि करने की सुविधा प्रदान करना। (6 मार्च, 2017)
4. भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) – ई–शासन में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए आपसी प्रयासों में सहक्रिया लाना। (3 अप्रैल, 2017)
5. गूगल इन्कॉर्पोरेटेड – नाइलिट के प्रशिक्षकों का एन्ड्रॉएड पर मास्टर प्रशिक्षण। (19 मई, 2017)
6. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) – नाइलिट ने रोजगार योग्यता अभिवृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम (ईईटीपी) के अन्तर्गत एआईसीटीई के साथ एक सहमति–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस सहमति–ज्ञापन का उद्देश्य अपेक्षित कुशलता के साथ पर्याप्त रूप में शिक्षित इंजीनियरी स्नातक तैयार करना है और यह सुनिश्चित करने के लिए उनकी तकनीकी कुशलता वैश्विक रूप में स्वीकार्य हों, कार्य के माध्यम से गहन प्रशिक्षण के जरिए उच्चतम वैयक्तिक एवं प्रोफेशनल मानक हासिल करना। (22 जून, 2017)

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग एवं वैश्विक प्रदर्शनियाँ

नाइलिट के क्षमता निर्माण संबंधी कार्यकलापों के बारे में अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर द्विपक्षीय बैठकों में सक्रिय सहभागिता तथा औद्योगिक दौरों के जरिए प्रकाश डाला गया और इसके परिणामस्वरूप पूरे विश्व के प्रतिष्ठित देशों में नाइलिट को अधिक महत्व प्राप्त हुआ है। इनमें से कुछ प्रयास नीचे दिए अनुसार हैं :

1. **8वाँ अन्तर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी फोरम, रूस** : नाइलिट ने खान्ती–मनसिस्यस्क, उगरा, रूस में ब्रिक्स तथा एससीओ की सहभागिता से 8वें अन्तर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी फोरम में हिस्सा लिया। नाइलिट के अधिकारी ने भारत तथा उगरा के बीच व्यावसायिक सहयोग विषय पर विचार–विमर्श किया और भारत सरकार के डिजिटल भारत के प्रयासों में नाइलिट की भूमिका के बारे में सदस्यों को बताया। नाइलिट तथा उगरा सूचना प्रौद्योगिकी शोध संस्थान (यूआरआईआईटी) के बीच संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की संभावना पर भी चर्चा की गई। (8–9 जून, 2016)
2. **एचएएसएस, सूडान** : सूडान के उच्चतर शिक्षा एवं वैज्ञानिक अनुसंधान मंत्रालय के अन्तर्गत उच्चतर सुरक्षा अध्ययन अकादमी (एचएएसएस) के 45 प्रतिभागियों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा, महानिदेशक के नेतृत्व में नाइलिट की टीम के साथ विचार–विमर्श किया। बैठक में नाइलिट के क्षमता निर्माण तथा कौशल विकास के प्रयासों के बारे में बताया गया और कौशल भारत, भारत में निर्माण तथा डिजिटल भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया जो भारत सरकार के प्रतिष्ठित फ्लैगशिप कार्यक्रम हैं। इस विचार–विमर्श कार्यक्रम से दोनों देशों में तकनीकी शिक्षण प्रणाली का पता लगाने का एक मंच प्राप्त हुआ। (12 अप्रैल, 2016)
3. **इनोप्रॉम, रूस** : नाइलिट ने येकाट्रिनबॉर्ग, रूस में आयोजित इनोप्रॉम 2016 में हिस्सा लिया जो एक विशालतम औद्योगिक मेला है और वैश्विक तथा रूसी उत्पादकों के साथ सीधा सम्पर्क उपलब्ध कराता है। इनोप्रॉम 2016 में भारत को 'भागीदार देश' का दर्जा प्रदान किया गया और प्रदर्शनी में महाराष्ट्र, राजस्थान तथा आंध्र प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्रियों के अलावा माननीय केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भी उपस्थित थे। इस आयोजन ने नाइलिट के पाठ्यक्रमों तथा कार्यकलापों के संबंध में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रचार–प्रसार तथा विपणन का एक मंच उपलब्ध कराया। (11–14 जुलाई, 2016)

4. **कोलम्बिया का आईसीटी मंत्रालय** : नाइलिट और कोलम्बिया के बीच संयुक्त प्रयासों की संभावनाओं का पता लगाने के लिए नाइलिट के मुख्यालय में कोलम्बिया के आईसीटी मंत्रालय के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फरेंसिंग के माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया गया। भारत की ओर से बैठक की अध्यक्षता डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा, महानिदेशक तथा कोलम्बिया की ओर से कोलम्बिया आईसीटी मंत्रालय के अन्तर्राष्ट्रीय कार्यालय के प्रमुख सुश्री ज़ाइफा मेज़हर ने की। इस बैठक के उपरान्त डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा भारत में कोलम्बिया के राजदूत के साथ 01 अगस्त, 2016 को एक बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में हुए विचार–विमर्श के अनुसरण में, माननीय आईसीटी मंत्री, कोलम्बिया गणराज्य ने महानिदेशक तथा नाइलिट के अधिकारियों को कोलम्बिया जाने का निमंत्रण दिया जिससे क्षमता निर्माण, कौशल विकास सहित सूचना प्रौद्योगिकी में अधिक सहयोग की व्यवस्था तथा व्यापार संवर्धन के प्रयासों की रूपरेखा तैयार की जा सके। (29 जुलाई, 2016)

5. **मेज़ोनरू कम्पनी समूह, सेंट पीटर्सबर्ग** : येकाट्रिनबॉर्ग, रूस में आयोजित इनोप्रॉम 2016 के दौरान विचार–विमर्श के परिणामस्वरूप, रोबोटिक्स तथा आईओटी में पाठ्यक्रमों के विकास की संभावनाओं का पता लगाने के लिए मेज़ोनरू कम्पनी समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री पावेल फ्रोलो के साथ नाइलिट मुख्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान रोबोटिक्स अनुप्रयोगों पर एक लाइव प्रदर्शन का भी प्रबंध किया गया तथा विभिन्न प्रयोक्ता समूहों के लिए रोबोटिक्स पर पाठ्यक्रम आरम्भ करने की संभावनाओं का पता लगाया गया। (25 नवम्बर, 2016)

6. **जापान में चौथा भारत–जापान संयुक्त कार्यकारी समूह (जेडब्ल्यूजी)** : डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा, महानिदेशक, नाइलिट ने टोक्यो तथा क्योटो में आयोजित चौथे भारत–जापान संयुक्त कार्यकारी समूह (जेडब्ल्यूजी) में भारतीय शिष्टमण्डल का नेतृत्व किया। सम्मेलन में उद्योग–से–उद्योग तथा उद्योग–से–सरकार सत्रों के दौरान भारत सरकार के भारत में निर्मित प्रयास को समर्थन तथा बढ़ावा देने के बारे में विस्तृत विचार–विमर्श किए गए। महानिदेशक ने श्री योशियाकी ताकेउची, उप महानिदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति, संचार एवं सूचना नीति ब्यूरो, जापान के नेतृत्व में जापानी प्रतिनिधिमण्डल के साथ कौशल विकास के प्रयासों पर भी चर्चा की। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक संघटक–पुर्जों के विनिर्माताओं तथा आपूर्तिकर्ताओं के साथ भी नाइलिट द्वारा कौशल उपलब्ध कराने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए चर्चा की गई जिससे जापानी कम्पनियों को भारत में अपना व्यवसाय स्थापित करने की सुविधा प्रदान की जा सके। (28 नवम्बर–2 दिसम्बर, 2016)

7. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित क्षमता निर्माण परियोजना के एक एकभाग के रूप में, नाइलिट ने 05 अधिकारियों की एक टीम को मोबाइल हैण्डसेट डिजाइन एवं इंजीनियरी में कार्य के माध्यम से 45 दिनों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए ताइवान भेजा जिससे 'भारत में निर्मित' को बढ़ावा दिया जा सके। यह प्रशिक्षण इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सेल्युलर एसोसिएशन (आईसीए) तथा मीडियाटेक के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार संस्थान, आर्थिक कार्य मंत्रालय, शिनचु, ताइवान में आयोजित किया गया।

नाइलिट परिसरों के भवन का निर्माण

दूर–दराज के इलाकों से आने वाले विद्यार्थियों के लाभार्थ उन्हें आवासीय सुविधा सहित उत्कृष्ट मूलसंरचना उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने देश के विभिन्न भागों में स्थित नाइलिट केन्द्रों के स्थायी परिसरों की स्थापना को अनुमोदित किया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अनुमोदित नाइलिट केन्द्रों के अलावा, नाइलिट ने भी अपनी ही समेकित राशि से अपने मुख्यालय भवन का निर्माण किया। निरन्तर प्रयासों से और स्टेकहोल्डर्स के साथ अनुवर्ती कार्रवाई से भवन परियोजनाओं को, जो किसी न किसी कारण से या तो बन्द पड़ी थीं या धीमी गति से चल रही थीं जैसे कि भूमि का आबंटन न होना, लागत के अनुमानों का पुराना सूचकांक, अतिक्रमण, स्थानीय प्राधिकारियों से अनापत्ति आदि, सुव्यवस्थित किया गया और सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया। नए केन्द्रों ने नाइलिट की पहुँच का विस्तार दूर दराज के इलाकों तक करने में सहायता की जहाँ इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अच्छे प्रतिष्ठित अन्य संस्थान उपस्थित नहीं हैं। भवन परियोजनाओं की सूची नीचे दिए अनुसार है :

1. **द्वारका, नई दिल्ली में नाइलिट मुख्यालय भवन** – नाइलिट मुख्यालय को वर्ष 2002 में द्वारका, नई दिल्ली में भूमि आवंटित की गई थी और निर्माण का कार्य वर्ष 2007 में केलोनिवि को दिया गया था लेकिन निर्माण का कार्य वर्ष 2012 तक शुरू नहीं किया जा सका। डॉ. शर्मा ने काफी समय से लम्बित इस मुद्दे को आगे बढ़ाया तथा दिल्ली विकास प्राधिकरण और केलोनिवि के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करके सभी अनुमोदन तथा अनापत्तियाँ हासिल की गईं और निर्माण का कार्य वर्ष 2015 में आरम्भ किया गया। माननीय केन्द्रीय मंत्री (इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा विधि एवं न्याय), श्री रवि शंकर प्रसाद और माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री (इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा विधि एवं न्याय), श्री पीपी चौधरी ने 06 मई, 2017 को भवन का उद्घाटन किया।

2. **नाइलिट अगरतला** – इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस परियोजना को मार्च 2008 में अनुमोदित किया था लेकिन जनवरी 2013 में परियोजना की लागत में संशोधन किया गया। लागत में संशोधन के पश्चात निर्माण का कार्य आरम्भ किया गया तथा भवन तैयार हो गया है। केन्द्र ने नए भवन में अपना कामकाज जनवरी 2016 से शुरू कर दिया है। भवन को आईईसीटी से संबंधित कौशल विकास तथा क्षमता निर्माण के कार्यकलापों के लिए माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री (इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा विधि एवं न्याय), श्री पीपी चौधरी ने 26 अप्रैल, 2017 को राष्ट्र के नाम लोकार्पित किया।

3. **नाइलिट कोलकाता** – इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस परियोजना को फरवरी 2009 में अनुमोदित किया था लेकिन मुकदमा, लागत में संशोधन आदि जैसे विभिन्न कारणों से निर्माण का कार्य जुलाई 2013 में ही आरम्भ किया जा सका। भवन अब पूरा हो गया है तथा उद्घाटन के लिए तैयार है।

4. **नाइलिट पटना** – परियोजना को अक्तूबर 2012 में अनुमोदित किया गया था तथा दिसम्बर 2014 में लागत में संशोधन किया गया। कई चुनौतियाँ थी जैसे कि अतिक्रमण आदि मुद्दे। लेकिन निर्माण का कार्य अभी चल रहा है तथा जुलाई 2017 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

5. **नाइलिट अजमेर** – परियोजना को अक्तूबर 2010 में अनुमोदित किया गया तथा दिसम्बर 2013 में लागत में संशोधन किया गया। भवन के निर्माण का कार्य केन्द्रीय सीपीएसयू के माध्यम आरम्भ किया गया तथा वर्ष 2015 में भवन तैयार हो गया है। केन्द्र ने नए भवन में अपना कामकाकज दिसम्बर 2015 से शुरू कर दिया है।

6. **नाइलिट रोपड़** – इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस परियोजना को जनवरी 2014 में अनुमोदित किया था। अनुवर्ती कार्रवाई के पश्चात भूमि के प्रयोग में परिवर्तन का अनुमोदन राज्य सरकार से प्राप्त किया गया तथा निर्माण का कार्य केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ मिलकर शुरू किया गया। भवन के निर्माण का कार्य जून 2015 में आरम्भ किया गया तथा भवन अब उद्घाटन के लिए तैयार है। भूमि तक पहुँच मार्ग का निर्माण राज्य सरकार द्वारा अभी तक नहीं किया गया है और इस मामले में, राज्य सरकार के साथ कार्रवाई की जा रही है।

7. **पूर्वोत्तर में स्थायी परिसरों का निर्माण/ग्रेड उन्नयन** – मंत्रिमण्डल ने वर्ष 2012 में पूर्वोत्तर क्षेत्र में 18 परिसरों का अनुमोदन दिया था लेकिन उस समय केवल एक ही स्थान पर (इम्फाल) भूमि उपलब्ध थी। संबंधित राज्य सरकारों के साथ कठोर अनुवर्ती कार्रवाई की गई और नाइलिट 18 में से 15 स्थानों पर नए परिसरों/उन्नयन के लिए भूमि प्राप्त कर सका। 12 स्थानों पर (मणिपुर के इम्फाल, सेनापति एवं चुड़ाचाँदपुर; मिज़ोरम के आइजॉल एवं लुंगलेई; नागालैण्ड के चुचुयिमलांग; मेघालय के शिलांग; अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट; असम के तेजपुर, कोकराझार, जोरहाट, डिब्रूगढ़) निर्माण का कार्य शुरू हो गया है तथा तीन अन्य स्थानों (असम के गुवाहाटी, मेघालय के तुरा तथा सिक्किम के गंगटोक) में शीघ्र ही शुरू होने की संभावना है।

डिजिटल भुगतान के प्रयास

नाइलिट ने निम्नलिखित कार्यकालापों के संबंध में भुगतान एवं प्राप्तियों के लिए डिजिटल मोड में भुगतान के प्रयोजन से प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके एक सांस्थानिक तंत्र का विकास किया है। विमुद्रीकरण के पश्चात नाइलिट ने अपने केन्द्रों तथा प्रशिक्षण भागीदारों के माध्यम से विद्यार्थियों, नागरिकों तथा व्यापारियों को डिजिटल भुगतान पर प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। विमुद्रीकरण के समय से लेकर इसने लगभग 1.4 लाख नागरिकों को डिजिटल भुगतान पर कौशल प्रदान किया। राष्ट्रीय स्तर पर यह छोटे एवं सूक्ष्म उद्यमों/व्यापारियों को डिजिटल भुगतान के प्रयासों में प्रशिक्षित करने तथा इसमें शामिल करने के लिए देश के 135 से ज्यादा स्थानों पर कार्यशालाओं तथा शिविरों (डिजिधन मेला) का भी आयोजन कर रहा है।

इन प्रयासों के जरिए लगभग 13,500 व्यापारियों का लक्ष्य बनाया गया है। नाइलिट अपने सोशल मीडिया हैण्डल के माध्यम से भारत सरकार की नकद–हीन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर होने के प्रयासों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। नाइलिट ने नकदी रूप में प्राप्तियों एवं भुगतानों की अपनी पारम्परिक प्रणाली को वर्ष 2014 से डिजिटल माध्यमों से ऑनलाइन, पारदर्शी एवं जवाबदेह पद्धति में परिवर्तित करने का प्रयास किया है। इसके परिणामस्वरूप, संगठन को लागत में कमी करने; पुराने भुगतानों को कम करने; विवाद प्रबंध के सरलीकरण; अनुपालन में बढ़ोतरी; सुरक्षा में अभिवृद्धि तथा कार्यप्रवाह निपुणता में सुधार करने की दृष्टि से इसके लाभ भी प्राप्त हुए हैं। डिजिटल भुगतानों तथा प्राप्तियों के संबंध में नाइलिट के आन्तरिक प्रयास नीचे दिए अनुसार हैं :

1. **विक्रेताओं तथा आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान** : विक्रेताओं तथा आपूर्तिकर्ताओं को सभी भुगतान एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से किए जा रहे हैं और पिछले दो वर्षों में यह सुनिश्चित किया गया है कि ऐसे सभी भुगतान लाभग्राहियों के बैंक खातों में सीधे डिजिटल मोड से ही किए जाएँ। विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं को नकदी के रूप में भुगतान वर्ष 2014 से बंद कर दिया गया है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान लगभग 325.08 करोड़ रु. मूल्य के लगभग 7000 ऑनलाइन लेन–देन किए गए।
2. **नाइलिट के कर्मचारियों का वेतन** : अनुबंध के आधार पर कार्यरत कर्मचारी सहित नाइलिट के सभी कर्मचारियों के वेतन सीधे उनके बैंक खाते में अन्तरित कर दिए जाते हैं और यह प्रणाली वर्ष 2007 से लागू है। जहाँ तक चिकित्सा, यात्रा/दैनिक भत्ता, वाहन व्यय, समाचार–पत्र भत्ता/संतान शिक्षा भत्ता आदि व्ययों की प्रतिपूर्ति का संबंध हैं, इनका प्रावधान भी ऑनलाइन मोड में किया जाता है और कर्मचारियों को अब नकद प्रतिपूर्ति नहीं की जाती है। कर्मचारियों के बैंक खाते में जब भी भुगतान अन्तरित किया जाता है तब नाइलिट कर्मचारियों को एसएमएस अलर्ट भी देता है।

3. **विशेषज्ञों/स्टेकहोल्डर्स को भुगतान** : परीक्षाओं के आयोजन, उत्तर पत्रकों के मूल्यांकन, प्रश्न–पत्र तैयार करने, स्क्रीनिंग आदि के लिए नाइलिट विशेषज्ञों की सेवाओं का उपयोग करता है और विशेषज्ञों तथा स्टेकहोल्डर्स को इनसे संबंधित सभी भुगतान वर्ष 2014 से सीधे उनके बेंक खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से किए जा रहे हैं।
4. कर्मचारियों को जारी की गई पेशगी तथा उनका निपटारा : कर्मचारियों को दी जाने वाली सभी पेशगियाँ केवल चेक के माध्यम से की जाती है तथा इस पद्धति में आगे सुधार किया जा रहा है जिससे पेशगी का अनुमोदन होने पर संबंधित कर्मचारी के बैंक खाते में वह ऑनलाइन मोड के जरिए सीधे अन्तरित हो जाएँ। इसी प्रकार, पेशगियों के निपटारे से संबंधित भुगतान भी केवल चेक के माध्यम से स्वीकार किए जाते हैं।
5. **सरकारी ई–बाजार (जीईएम)** : यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि फर्नीचर/फिक्सचर/उपस्कर आदि जैसी सभी वस्तुओं की खरीद सरकारी ई–बाजार (जीईएम) पोर्टल से की जाए और उनके भुगतान भी ऑनलाइन मोड पर किए जाते हैं।
6. **डीबीटी के जरिए छात्रवृत्ति** : नाइलिट आर्थिक रूप में कमजोर वर्ग/महिला/शारीरिक रूप में अशक्त व्यक्तियों को छात्रवृत्ति देता है और ऐसी सभी छात्रवृत्तियों का भुगतान वर्ष 2015 से केवल आधार आधारित प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण (डीबीटी) के माध्यम से किया जा रहा है। लगभग 2500 लेन–देन कर लिए गए हैं।
7. **सांविधिक भुगतान** : ईपीएफ/सेवा कर/आय कर आदि जैसे सभी सांविधिक भुगतान केवल ऑनलाइन मोड में संबंधित पोर्टलों के जरिए जमा किए जाते हैं।
8. **फुटकर राशि** : पेट्रोल/डीजल, छोटी–छोटी वस्तुओं की खरीद आदि के लिए भुगतान पहले से उपलब्ध राशि वाले बैंक कार्डों के जरिए की जाती है।
9. **ऑनलाइन भुगतान गेटवे** : नाइलिट की सीसीसी/बीसीसी परीक्षाओं का आयोजन केवल ऑनलाइन मोड में ही किया जाता है और सभी संबंधित कार्यकलाप जैसे कि विद्यार्थियों द्वारा फीस का भुगतान, प्रवेश–पत्रों का जारी किया जाना, डिजिटल लॉकर से जुड़े ई–प्रमाण–पत्र जारी किया जाना आदि भी ऑनलाइन मोड में किए जाते हैं। विद्यार्थी अपनी फीस का भुगतान सीधे नाइलिट पोर्टल पर क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग द्वारा अथवा एएनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से कर सकते हैं। ग्रामीण विद्यार्थी भी अपनी फीस का भुगतान ऑनलाइन मोड में करने के लिए निर्धारित सीएससी–एसपीवी केन्द्रों की सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। क्लास रूम आधारित परीक्षाओं जैसे कि ओ/ए/बी/सी स्तरों के लिए भी फीस की राशि केवल ऑनलाइन मोड में ही ली जाती है।
10. **प्रत्यायन** : प्रशिक्षण भागीदारों से फीस इस समय बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जाती है और इस संबंध में प्रशिक्षण भागीदारों को सुविधा प्रदान करने के लिए एक पोर्टल तैयार किया गया है जिससे वे नाइलिट पोर्टल के माध्यम से प्रत्यायन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड में सीधे कर सकें।
11. **ई–खरीद पोर्टल** : ऑनलाइन मोड में ईएमडी स्वीकार करने के लिए भी एक प्रणाली तैयार की गई है। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुसरण में सभी खरीद ई–खरीद पोर्टल के माध्यम से की जाती है, जिसमें ईएमडी की राशि ऑनलाइन मोड में जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।
12. **एसएफएमएस** : नाइलिट ने एक ऐसी प्रक्रिया भी आरम्भ की है जिसके द्वारा बैंक गारंटियाँ सरकारी दिशा–निर्देशों के अनुसरण में स्टक्चर्ड फाइनेंशियल मेसेजिंग सिस्टम (एसएफएमएस) के जरिए प्रदान की जा सकती हैं।

डिजिटल साक्षरता

डिजिटल साक्षरता एक महत्वपूर्ण घटक है जिसका परिचय प्रत्येक नागरिक को होना चाहिए ताकि वे डिजिटल रूप में समर्थित एक प्रगतिशील परिवेश में हिस्सा ले सकें। डिजिटल साक्षरता की परिधि में कई अन्तर–सम्पर्कित कुशलताएँ आती हैं जिनमें मूलभूत जागरूकता तथा प्रशिक्षण से लेकर अत्यन्त परिष्कृत एवं अधिक जटिल सृजनशीलता एवं महत्वपूर्ण साक्षरता शामिल हैं। इसके अलावा, नियोजक भी यह चाहते हैं कि नियोजित होने वाले कार्मिकों में ऐसी कुशलता होनी चाहिए कि वे एक नई भूमिका में सीधे उत्पादनशील बनें और विश्वास करते हैं कि डिजिटली कुशल कार्मिकों की कार्यक्षमता एवं उत्पादकता में सुधार करती हैं। समय की माँग को ध्यान में रखते हुए, एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया गया है तथा 03 और पाठ्यक्रम जोड़कर डिजिटल साक्षरता के पाठ्यक्रमों में अभिवृद्धि की गई है। नाइलिट के

डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों में अब 36 घंटे से लेकर 200 घटों तक के पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों को वित्तीय समावेशन (वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित) पर लगभग 1.5 घंटे के मॉड्यूल में भी रेट्रोफिट किया गया है। डिजिटल साक्षरता के पाठ्यक्रमों को नीचे दिए अनुसार स्पष्ट किया गया है :

नाइलिट के डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रम, विशेष रूप से बीसीसी/सीसीसी को विभिन्न राज्य सरकारों/सरकारी विभागों जैसे कि अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चण्डीगढ़, दमन एवं दीव, गुजरात, महाराष्ट्र, मिज़ोरम, राजस्थान, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, सीजीए का कार्यालय, डीजीईएण्टी आदि द्वारा भर्ती/सेवाकालीन पदोन्नतियों/प्रोत्साहन आदि के लिए स्वीकार किया जाता है।

24X7 अधिगम की सुविधा प्रदान करने के लिए, सीसीसी की पाठ–सामग्री 25 भाषाओं में तैयार की गई है तथा नाइलिट की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है। जहाँ तक क्लासरूम प्रशिक्षण का संबंध है, इस पाठ्यक्रम को पूरे देश में 9000 से ज्यादा सुविधा केन्द्रों द्वारा चलाया जाता है। इसके अलावा, पाठ्यक्रम के लिए प्रतिमाह परीक्षा चक्र का आयोजन पूरे देश में 150 से ज्यादा परीक्षा केन्द्रों द्वारा किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम को पूरी तरह से ऑनलाइन प्रणाली द्वारा संचालित किया जाता है अर्थात परीक्षा के लिए विद्यार्थियों का पंजीकरण, परीक्षा शुल्क की प्राप्ति, परीक्षा का आयोजन, परिणामों की घोषणा तथा डिजिटल रूप में हस्ताक्षरित ई–प्रमाण पत्र जारी किया जाना। औसतन 80,000 से ज्यादा विद्यार्थी डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों की मासिक आधार पर आयोजित की जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा चक्रो में उपस्थित होते हैं।

पुरस्कार एवं सम्मान

नाइलिट के कार्यनिष्पादन की सराहना विभिन्न मंचों पर की गई है, जिसके परिणामस्वरूप कई सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। द दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल (डीएशआईजे) नामक भारत की अग्रणी निवेश पत्रिका ने नाइलिट को 2 अप्रैल, 2014 को आयोजित **5वें सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम पुरस्कार 2013 में अत्यन्त कुशल विकास समर्थक** के रूप में पुरस्कृत किया है। भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री के सलाहकार, श्री टीकेए नायर ने पुरस्कार प्रदान किया। नाइलिट को अपने कार्यनिष्पादन में उत्तमता तथा देश में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्षमता निर्माण में योगदान के लिए सम्मान प्राप्त हुआ। नाइलिट को **दैनिक भास्कर समूह** द्वारा 27 मार्च, 2017 को **'भारत की छवि के अभिवर्धन में उत्तमता' के लिए प्रतिष्ठित भारत सम्मान पुरस्कार–2016–17** से सम्मानित किया गया। नाइलिट के महानिदेशक ने श्री मनोज सिन्हा, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (दूरसंचार) एवं माननीय राज्य मंत्री, रेलवे, भारत सरकार से पुस्कार ग्रहण किया।

उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

- मोबाइल शासन (एम–शासन) के संवर्धन के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अनुसरण में, नाइलिट ने सीसीसी पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों के लिए 11 भाषाओं में 70 मोबाइल ऐप आरम्भ किए हैं जिससे इसकी पहुँच को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों तक बढ़ाया जा सके ताकि ग्रामीण विद्यार्थी स्मार्ट फोन के जरिए नाइलिट के पाठ्यक्रम प्राप्त कर सकें।
- प्रक्रिया पुनःइंजीनियरी के माध्यम से कार्यपद्धतियों को सरल बनाने के नाइलिट के प्रयासों के अनुसरण में, विशेषज्ञों की नामिका तैयार करने के लिए एक ऑनलाइन विशेषज्ञ नामिका निर्माण प्रणाली का शुभारम्भ सचिव, इलेक्टॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं अध्यक्ष, प्रबंध बोर्ड, नाइलिट द्वारा किया गया।
- विभिन्न नाइलिट पाठ्यक्रमों के लिए अंग्रेजी में ई–सूचना सामग्री तैयार की गई तथा उन्हें हिन्दी एवं अन्य प्रान्तीय भाषाओं जैसे कि तमिल, तेलुगू, बांग्ला, गुजराती, मलयालम, कन्नड़ आदि में अनूदित किया जा रहा है।
- इम्फाल में आदर्श आजीविका केन्द्र के उद्घाटन के पश्चात 22 अप्रैल, 2016 को नाइलिट इम्फाल के नए शैक्षिक ब्लॉक की आधारशिला रखी गई।
- भारत सरकार की राष्ट्रीय आजीविका सेवा योजना के अन्तर्गत रोजगार महानिदेशालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के वित्तपोषण से इम्फाल, लेह तथा कोलकाता में आदर्श आजीविका केन्द्र स्थापित किए गए हैं। कालीकट, गोरखपुर, औरंगाबाद तथा श्रीनगर में पहले ही स्थापित आदर्श आजीविका केन्द्रों द्वारा रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। पिछले एक वर्ष में 15000 से ज्यादा उम्मीदवारों को 5 रोजगार मेलों के जरिए संगठित किया गया, जिनमें से लगभग 3000 उम्मीदवारों का चयन रोजगार मेलों में हिस्सा लिए 50 से ज्यादा नियोजकों द्वारा रोजगार के लिए किया गया।

- नाइलिट ने इलेक्टॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय/मापगुप्र/सर्ट–इन के लिए वैज्ञानिक 'बी' के पद के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन किया। नाइलिट ने अपने केन्द्रों के लिए वैज्ञानिक एवं तकनीकी तथा गैर–वैज्ञानिक एवं तकनीकी के 94 पदों पर भर्ती की भी कार्रवाई की।
- नाइलिट श्रीनगर द्वारा जम्मू तथा कश्मीर सरकार की एसएसए/आरएमएसए योजनाओं के अन्तर्गत लगभग 640 विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम परियोजना का कार्यान्वयन किया गया है।
- स्मार्ट आभासी क्लासरूम सुविधा 17 अतिरिक्त नाइलिट केन्दों में उपलब्ध कराई गई है और इस प्रकार यह सुविधा अब लगभग सभी नाइलिट केन्द्रों में उपलब्ध है। इस सुविधा का उपयोग विभिन्न नाइलिट केन्द्रों के बीच तथा मुख्यालय के साथ बेहतर समन्वय के लिए वीडियो कान्फरेंसिंग के आयोजन के प्रयोजन से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप, यात्रा में लगने वाले समय तथा धन की बचत के साथ–साथ कुशल एवं तीव्र निर्णय लेने की सुविधा प्राप्त हुई है। नाइलिट केन्द्रों द्वारा इस सुविधा का प्रयोग अपने प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन अधिक प्रोफेशनल एवं कुशलतापूर्वक करने के लिए भी किया जा रहा है।

- एक अनूठे प्रयास के रूप में, नाइलिट द्वारा कौशल विकास के जरिए स्थानीय युवाओं तथा महिलाओं को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए भारतीय सेना के साथ मिलकर अपने संसाधनों से बारामुला, जम्मू तथा कश्मीर में एक अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गई है।
- नाइलिट ने सोशल मीडिया के क्षेत्र में अपना कदम रखा है और इस संबंध में आधिकारिक ट्विटर हैण्डल @NIELITIndia दि. 24 मई, 2016 शुरू किया गया है। ट्वीट दैनिक आधार पर डाले जाते हैं और नाइलिट के आधिकारिक ट्विटर हैण्डल का उपयोग 5900 से ज्यादा प्रयोक्ताओं द्वारा किया जा रहा है। इस हैण्डल में डाले गए ट्वीट को वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, पत्र सूचना ब्यूरो, कैबिनेट मंत्रियों तथा माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा पुनःट्वीट भी किया जाता है।
- नाइलिट को डिजिटल भारत के अन्तर्गत सरकारी अधिकारियों के लिए ई–अपशिष्ट प्रबंध की एक परियोजना इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई है। इस संबंध में, नाइलिट के मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण भी पूरा कर लिया गया है तथा चुने गए 10 राज्यों में सरकारी अधिकारियों का प्रशिक्षण चल रहा है।
- एनडीएलएम (दिशा) के अन्तर्गत एक प्राधिकृत परीक्षा एजेंसी के रूप में, नाइलिट बायोमेट्रिक समर्थित आधार प्राधिकरण वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन मोड में परीक्षाओं का आयोजन कर रहा है। इसने एनडीएलएम/दिशा योजना के अन्तर्गत अब तक लगभग 8,35,932 उम्मीदवारों के लिए परीक्षाओं का आयोजन कर लिया है। परीक्षाएँ सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने पर उम्मीदवारों को ऑनलाइन मोड में डिजिटल रूप में हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र भी जारी किए जाते हैं जिसमें क्यूआर कोड शामिल होता है जिससे ऑनलाइन प्रमाण–पत्रों का सत्यापन भी ऑनलाइन मोड में किया जा सकता है।
- नाइलिट ने भारत सरकार के डिजिटल भारत के प्रयासों तथा उपलब्धियों का प्रदर्शन करके माननीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा कानून एवं न्याय मंत्री के नेतृत्व में 6 स्थानों अर्थात मुम्बई, मथुरा, जोधपुर, काकीनाड़ा, छिन्दवाड़ा तथा जमशेदपुर में विकास पर्व समारोहों में सक्रिय रूप में हिस्सा लिया।

- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ईएसडीएम में कौशल विकास योजना के अतर्गत 01.04.2016 से 3.12.2016 के दौरान लगभग 140268 विद्यार्थियों को पंजीकृत किया जिनमें से 60261 विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र जारी किया गया तथा 2936 विद्यार्थियों को रोजगार मिल गया है। इसके अलावा, चार (4) कार्यशालाएँ आयोजित की गईं तथा राज्यों के साथ चार (4) सहमति–ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।
- नाइलिट ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/आर्थिक रूप में कमजोर वर्गों/दिव्यांग/महिला विद्यार्थियों के लिए नाइलिट की छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत 450 विद्यार्थियों को ओ/ए/बी/सी स्तर के सूचना प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम पूरा करने पर अपने संसाधनों के छात्रवृत्ति जारी की है। छात्रवृत्ति का भुगतान आधार आधारित प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण (डीबीटी) के माध्यम से किया जा रहा है।
- नाइलिट के ओ/ए/बी स्तर के सूचना प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में पिछले वर्ष की तुलना में पंजीकरण में काफी बढ़ोतरी हुई है। डिजिटल साक्षरता पाठ्यक्रमों में 7 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया है।
- ईएसडीएम क्षेत्र के लिए जनशक्ति तथा मूलसंरना की आवश्यकता पर विचार करते हुए, नाइलिट कालीकट ने विभिन्न विषयों जैसे कि वीएलएसआई एवं अन्तर्निर्मित हार्डवेयर डिजाइन, एसिक डिजाइन एवं सत्यापन, तथा अन्तर्निर्मित–तात्कालिक प्रणालियों पर एक अखिल भारतीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम आरम्भ किया है। ये पाठ्यक्रम नाइलिट केन्द्रों में चलाए जा रहे हैं तथा अपेक्षित मूलसंरचना के मानदण्डों को पूरा करने वाले संस्थानों/डीम्ड विश्वविद्यालयों/संगठनों में भी इन्हें चलाने की अनुमति दी जा रही है।

- नाइलिट कालीकट में एक इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) प्रयोगशाला की स्थापना की गई है जिसमें इंटेल इण्डिया की सहायता से इंटेल गैलीलिओ बोर्ड तथा एआरएम कॉर्टेक्स माइक्रोकंट्रोलर बोर्ड लगाए जा रहे हैं। आईओटी में स्नाकोत्तर डिप्लोमा (6 माह) इस समय नाइलिट द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

- नाइलिट लखनऊ ने 'चिकनकारी' कारीगरों/स्थानीय शिल्पकारों आदि के लिए डिजिटल विपणन पाठ्यक्रम आयोजित किया जिससे वे अपने उत्पादों का विपणन ई–वाणिज्य पोर्टलों के माध्यम से ऑनलाइन मोड में करने में सक्षम हों।
- नाइलिट औरंगाबाद ने इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी में एक डॉक्टरेट (पीएचडी) कार्यक्रम आरम्भ किया है। लगभग 40 विद्यार्थियों को पंजीकृत कर लिया गया है।
- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा नाइलिट को ''स्वतः–व्यवस्थित छोटे एवं मझोले व्यवसायों/व्यापारियों की डिजिटल भुगतान प्रयासों में ऑन–बोर्डिंग'' शीर्षक से एक परियोजना का दायित्व सौंपा गया है। इस संबंध में एक राष्ट्रव्यापी अभियान आरम्भ किया गया तथा माननीय केन्द्रीय मंत्री (इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा विधि एवं न्याय) द्वारा 4 मार्च, 2017 को उद्घाटन किया गया। इस परियोजना के अन्तर्गत नाइलिट द्वारा पूरे भारत में 35 कार्याशालाओं तथा 100 डिजिधन शिविरों का आयोजन किया गया।
- नाइलिट ने कर्मचारियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल से कार्यालय आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से #साइकिल2वर्क का एक प्रयास आरम्भ किया, जो माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' में किए गए आह्वान के अनुसरण में है, जिसमें यह बताया गया था कि सरकारी अधिकारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देने को प्राथमिकता देनी चाहिए जिससे अपने कार्य में उनकी उत्पादकता बेहतर होगी और सप्ताह में कम से कम एक दिन अपने कार्यालय में साइकिल से आना इस दिशा में एक कदम होगा। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्कालीन सचिव ने इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, लोधी रोड, नई दिल्ली में 27 अप्रैल, 2017 को संयुक्त सचिव एवं ग्रुप प्रमुख (मानव संसाधन विकास), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की उपस्थिति में इस प्रयास को हरी झंडी दिखाई।

- भुवनेश्व में नया नाइलिट केन्द्र : नाइलिट ने श्री अशोक मीणा, सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी, ओडीशा सरकार तथा श्री आर. एन. पलई, विशेष सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी, ओडीशा सरकार तथा अन्य महानुभावों की उपसथिति में 12 मई, 2017 को ओडीशा कम्प्यूटर अनुप्रयोग केन्द्र (ओकैक) के साथ एक सहमति–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ओडीशा सरकार ने ओडीशा कम्प्यूटर अनुप्रयोग केन्द्र (ओकैक) के माध्यम से राज्य में एक नया नाइलिट केन्द्र स्थापित करने के प्रयोजन से एक निर्मित स्थान निःशुल्क रूप में उपलब्ध कराया और नाइलिट ने कार्याकलाप आरम्भ करने के लिए अपने अधिकारियों को कार्यस्थल पर भेज दिया है।

- प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों में जागरूकता का सृजन करने के उद्देश्य से, नाइलिट भवन में 16 जून 2017 को एक–दिवसीय एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में नाइलिट मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा विभिन्न नाइलिट केन्द्रों के प्रशासन एवं वित्त विभाग के लगभग 30 अधिकारियों ने हिस्सा लिया। पूरे दिन चली इस कार्यशाला ने नाइलिट के वित्त एवं प्रशासनिक अधिकारियों को नीतिगत कार्यपद्धतियों की विभिन्न पहलुओं पर शिक्षित करने तथा सभी नाइलिट केन्द्रों के बीच एकरूपता लाने के लिए एक बहुत ही उपयोगी मंच के रूप में काम किया।

- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अपने दिनांक 19.01.2016 के आदेश के जरिए लागू की गई वर्ग 'क' वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारियों की नई पदोन्नति नीति को अपनाया गया। 24 जुलाई 2017 की स्थिति के अनुसार, 46 कर्मचारियों को वैज्ञानिक 'बी' से लेकर वैज्ञानिक 'ई' तक की पदों पर पदोन्नत किया गया है तथा 27 और कर्मचारियों को व्यक्ति केन्द्रित पदोन्नति नीति के अन्तर्गत पदोन्नत किया गया है।

कार्मिकों की पदोन्नति स्थिति

वर्ष	समूह क	समूह ख	समूह ग
2013	5	19	17
2014	25	30	7
2015	46	82	27
2016	30	50	10
2017	56	14	3
योग	**162**	**195**	**64**
कुल योग (क+ख+ग)		**421**	

- नए पाठ्यक्रम : नाइलिट केन्द्र अगरतला ने वर्तमान शैक्षिक वर्ष 2017–2018 से त्रिपुरा विश्वविद्यालय के सहयोग से इंजीनियरी में डिप्लोमा के औपचारिक पाठ्यक्रम आरम्भ किए हैं।

- नाइलिट पूरे भारत में जीएसटी में कौशल प्रदान करने की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। इस संबंध में जीएसटीएन के सहयोग से नाइलिट के विभिन्न केन्द्रों के 35 अधिकारियों के लिए मास्टर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया और नाइलिट टीम के सहयोग से एक ऐप विकास विशेषज्ञ द्वारा एक शैक्षिक ऐप का विकास किया गया है। इसके अतिरिक्त, जीएसटी में कुशलता से संबंधित व्यावहारिक मुद्दों का समाधान करने के प्रयोजन से लक्षित समूहों की आवश्यकताओं पर विचार करते हुए व्यापारियों तथा विनिर्माताओं के लिए जीएसटी पर एक–दिवसीय एक कैप्सूल पाठ्यक्रम का भी विकास किया गया है।

- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित क्षमता निर्माण परियोजना के एक भाग के रूप में, नाइलिट ने 05 अधिकारियों की एक टीम को मोबाइल हैण्डसेट डिजाइन एवं इंजीनियरी में कार्य के माध्यम से 45 दिनों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए ताइवान भेजा जिससे 'भारत में निर्माण' को बढ़ावा दिया जा सके। यह प्रशिक्षण इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सेल्युलर एसोसिएशन (आईसीए) तथा मीडियाटेक के सहयोग से अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार संस्थान, आर्थिक कार्य मंत्रालय, शिनचु, ताइवान में आयोजित किया गया।

वार्षिक प्रतिवेदन 2016–17 के लिए कुछ उल्लेखनीय परियोजनाएँ

भौगोलिक वितरण	परियोजना का नाम व् इसका विवरण	कुल परिव्यय
सम्पूर्ण भारत	इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से देश के प्रत्येक राज्य में एक लाख सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) प्रचालकों/ग्रामीण स्तर के उद्यमकर्ताओं (वीएलई) के प्रशिक्षण एवं प्रमाणन के लिए **प्रशासनिक अनुमोदन सं. 3 (36)/2010–ईजी–II दिनांक 12.07.2010 के जरिये "ग्रामीण भारत में कम्प्यूटर शिक्षण पाठ्यक्रम"**। इस परियोजना के अन्तर्गत, कुल 1,00,000 वीएलई को कम्प्यूटर अवधारणा पाठ्यक्रम (सीसीसी) में प्रमाणित किया जाएगा। ये प्रमाणित वीएलई अपने–अपने सीएससी में विभिन्न शैक्षिक सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं, जो उन्हें अपने समुदाय में साख/विश्वसनीयता सृजित करने के अलावा उनके लिए रोजगार का एक नियमित स्रोत भी उपलब्ध कराएगा। यह योजना सरकार की ग्रामीण जनता के लिए रोजगार के अवसरों में सुधार करने तथा देश के समग्र विकास के लिए अच्छी क्वालिटी की जनशक्ति तैयार करने की सुविधा की नीति के अनुसार है। इससे सरकार को प्रत्येक घर के एक नागरिक को डिजिटल रूप में साक्षर बनाने के उद्देश्य को हासिल करने में भी सहायता मिलेगी।	₹ 750.00 लाख
दस राज्य, असम, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, सिक्किम, बिहार और पश्चिम बंगाल	इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की वित्तीय सहायता से **प्रशासनिक अनुमोदन सं. 3(36)/2010–ईजी–II दिनांक 03.03.2011 के जरिये "ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण (डब्ल्यूडीएलपी)"**, जिसका लक्ष्य डिजिटल साक्षरता में कुशलता हासिल करने के लिए मूलभूत कम्प्यूटर अवधारणा (वीसीसी) पाठ्यक्रम में 25,000 ग्रामीण महिलाओं का प्रशिक्षण एवं सशक्तिकरण करना है जिससे वे आगे शिक्षा प्राप्त कर सकें, रोजगार प्राप्त सकें, अपना व्यवसाय आरम्भ तथा तैयार करने में उन्हें सहायता मिले, अपनी आजीविका को सुरक्षित कर सकें तथा सामाजिक एवं राजनीतिक रूप में सक्रिय बन सकें।	₹ 287.50 लाख
असम तथा मणिपुर	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 12(3)/2016–ESD दिनांक 22.3.2016 के जरिए स्पैम–निरोधी समन्वय केन्द्र की स्थापना"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट इम्फाल तथा गुवाहाटी द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य एक स्पैम–निरोधी सुविधा की स्थापना करना तथा स्पैम मेल के बारे में सूचना के संग्रहण, विश्लेषण तथा विनिमय के लिए एक फ्रेमवर्क का विकास करना है। इस प्रयोजन से, वितरित स्पैम–बॉट्स एमुलेटिंग मुक्त रिले सर्वरों की स्थापना की जाएगी। संग्रहीत स्पैम मेलों का विश्लेषण इस तथ्य का पता लगाने के लिए किया जाएगा कि ऐसे मेल कहाँ से उत्पन्न हुए हैं तथा उनका वर्गीकरण श्रेणियों में किया जाएगा। विश्लेषण के आधार पर, अन्तर्राष्ट्रीय पद्धतियों के अनुसार एक साझा योग्य डेटाबेस तथा रिपोर्ट तैयार की जाएगी और सर्ट–इन सहित सभी पणधारियों को दी जाएगी।	₹ 135.00 लाख
केरल	**''प्रशासनिक अनुमोदन सं. L–14016/7/2014–HRD दिनांक 4.7.2014 के जरिए केरल के अनुसूचित जनजाति के लिए कम कीमत वाली अभिगम युक्तियों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी कौशल तथा ई–समावेशन''** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट कालीकट द्वारा अमृता विश्व पीठम, कोल्लम के साथ मिलकर संयुक्त रूप से इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य नाइलिट द्वारा अनुसूचित जनजाति जनसंख्या के योग्य विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण तथा प्रमाण–पत्र प्रदान करना है जिससे सरकारी तथा निजी क्षेत्र में उनकी रोजगार योग्यता में वृद्धि हो सके। अमृता का उद्देश्य सामाजिक जागरूकता के लिए प्रभावी अधिगम का एक मॉडल तथा कार्यपद्धति तैयार करना और मलयालम में एसीसी प्रशिक्षण तथा जनजाति के गाँवों में प्रायोगिक परियोजना करना है जहाँ कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है।	₹ 132.47 लाख

भौगोलिक वितरण	परियोजना का नाम व् इसका विवरण	कुल परिव्यय
केरल	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 1(5)/2015–ME&HI दिनांक 28.09.2015 के जरिए पीएनडीटी के अनुपालन सहित स्वदेशी रंगीन डॉप्लर अल्ट्रासाउण्ड स्कैनर"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट कालीकट द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य पीएनडीटी के अनुपालन सहित स्वदेशी रंगीन डॉप्लर अल्ट्रासाउण्ड स्कैनर का डिजाइन एवं विकास करना है।	₹ 274.38 लाख
महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु	**'प्रशासनिक अनुमोदन सं. 1(12)/2011–HRD दिनांक 1.5.2012 के जरिए इलेक्ट्रॉनिकी उत्पाद डिजाइन तथा उत्पादन प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण''** **इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट औरंगाबाद तथा चेन्नै द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य इस प्रकार हैं :** • क्सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर, तथा शोध प्रोफेशनल सहित विभिन्न स्तरों पर सक्षमता के उपयुक्त स्तर सहित मानव संसाधन का विकास करना। • विशेषज्ञता के चुनिन्दा क्षेत्रों में अल्पावधि/दीर्घावधि माडुलर अनौपचारिक पाठ्यक्रम शुरू करना। • भारतीय उद्योगों में कार्यरत प्रोफेशनलों की सक्षमता का दर्जा बढ़ाना। • इस क्षेत्र में अप्रचलन की उच्च दर के कारण तकनीकी संस्थानों के शिक्षकों के ज्ञान तथा कौशल का दर्जा बढ़ाना। • रोजगार तथा स्व–रोजगार से जुड़े कम कीमत वाले शिक्षण/प्रशिक्षण का डिजाइन एवं संचालन करना – उद्यमकर्ता विकास। • ग्रामीण/अविकसित क्षेत्रों के विकास के उद्देश्य से कम कीमत वाली इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना। • भारतीय उद्योग को डिजाइन परामर्श–सेवा, अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के उत्पाद विकास एवं तकनीकी समर्थन सेवाएँ उपलब्ध कराना।	₹ 2610.00 लाख
मणिपुर तथा सिक्किम	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 12(9)/2014–ESD दिनांक 14.11.2014 के जरिए मणिपुर तथा सिक्किम पूर्वोत्तर राज्यों में समुचित प्रशिक्षण तथा अभियान तंत्र के माध्यम से विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा सरकारी कर्मचारियों में साइबर सुरक्षा के बारे में जन जागरूकता का सृजन करना"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट इम्फाल तथा गंगटोक द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से में किया जा रहा है जिसका उद्देश्य देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के 2 राज्यों में साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता संबंधी अन्तर को दूर करना है।	₹ 154.94 लाख
मेघालय	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 1(4)/2014–ME&HI दिनांक 17.7.2014 के जरिए चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला की स्थापना"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट शिलांग द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य मेघालय के विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी उपकरणों का परीक्षण, मापांकन, मरम्मत तथा अनुरक्षण करने के लिए नाइलिट शिलांग में चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला की स्थापना करना तथा 3 वर्षों में 75 विद्यार्थियों की भर्ती की क्षमता से चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी उपकरण अनुरक्षण पर पाठ्यक्रम चलाना है।	₹ 122.00 लाख

भौगोलिक वितरण	परियोजना का नाम व् इसका विवरण	कुल परिव्यय
नागालैण्ड	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. स–14016/10/2016/HRD दिनांक 22.09.2016 के जरिए नागालैण्ड के चार पिछड़े जिलों के वंचित (अ.ज.जा) युवाओं तथा महिलाओं का आईसीटी कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्तिकरण"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट कोहिमा द्वारा एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से निम्नलिखित उद्देश्य से किया जा रहा है : • नागालैण्ड में नागालैण्ड की पिछड़ी जनजाति (अनुसूचित जनजाति) के लक्षित महत्वपूर्ण समूहों के जीवन स्तर में समग्र उन्नति करना। • विद्यालय के युवाओं तथा महिलाओं को तकनीकी कुशलता से सुसज्जित करना, और इस प्रकार युवाओं को कम्प्यूटर उपलब्ध कराने तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कौशल में अभिवृद्धि करने के माध्यम से रोजगार के अवसरों का विस्तार करना। • अन्तर को दूर करना, अर्थात तेजी से बदलते विश्व में प्रौद्योगिकी में बदलाव के कारण अत्यन्त आवश्यक विशेष कम्प्यूटर शिक्षण तथा प्रशिक्षण उपलब्ध कराना जिससे वे वर्तमान विश्व के परिवर्तनों का मुकाबला कर सकें। • लक्षित समूह को वर्तमान समय की प्रौद्योगिकी में बराबरी के स्तर पर तथा सक्रिय रूप में भागीदारी करने में सहायता करके एक प्रौद्योगिकी साक्षर समाज का विकास करना जिसमें उन्हें बेहतर जानकारी होगी तथा सहज रूप में संव्यवहार करने की शक्तियाँ प्राप्त होंगी।	₹ 111.56 लाख
नागालैण्ड	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 1(9)/2014–ME&HI दिनांक 2.12.2014 के जरिए चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला की स्थापना"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट कोहिमा द्वारा एमईआईटीवाई की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य नागालैण्ड के विभिन्न अस्पतालों के चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी उपकरणों की मरम्मत तथा अनुरक्षण करने के लिए चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला की स्थापना करना और साथ ही नागालैण्ड के विभिन्न सरकारी तथा निजी अस्पतालों के पराचिकित्सकीय एवं चिकित्सकीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करना है।	₹ 107.00 लाख
नागालैण्ड	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. 12(13)/2014–ESD दिनांक 4.12.2014 के जरिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के उन्नत प्रशिक्षण के लिए साइबर फोरेन्सिक प्रयोगशाला में अभिवृद्धि जिससे वे उदीयमान साइबर अपराधों का मुकाबला कर सकें तथा पूर्वोत्तर राज्यों में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में युवाओं का क्षमता निर्माण"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट इम्फाल द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को नए उभरते साइबर खतरों और उनकी समुचित पड़ताल में उन्नत फोरेन्सिक प्रशिक्षण प्रदान करना है जिससे पूर्वोत्तर राज्यों में बढ़ते साइबर अपराधों को कम किया जा सके तथा पूर्वोत्तर राज्यों के युवाओं को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम पर प्रशिक्षण प्रदान करना तथा कम्प्यूटर फोरेन्सिक एवं साइबर सुरक्षा प्रयोगशाला में विजुअलाइजेशन प्रौद्योगिकी का कार्यान्वयन करना है।	₹ 152.00 लाख
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. L–14016/9/2013 – HRD दिनांक 07.11.2013 के जरिए सूचना प्रौद्योगिकी में जागरूकता को बढ़ावा देने तथा व्यावसायिक कौशल में अभिवृद्धि करने के लिए टैली के परिचय के साथ दिल्ली की महिला उद्यमकर्ताओं/डेटा प्रविष्टि प्रचालकों का प्रशिक्षण तथा जनसामान्य के लिए सूचना प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम प्रबंध एकक (पीएमयू)"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट दिल्ली द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य, दिल्ली की महिलाओं को आत्म–निर्भर बनाने तथा कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी में ई–साक्षर बनाने के लिए मूलभूत सूचना प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षत करना, स्वास्थ्य, सुरक्षा से संबंधित मुद्दों तथा महिलाओं के लाभार्थ विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना तथा गैर–स्नातक महिलाओं की व्यावसायिक कौशल में अभिवृद्धि करना है।	₹ 241.72 लाख

भौगोलिक वितरण	परियोजना का नाम व् इसका विवरण	कुल परिव्यय
पश्चिम बंगाल	**"प्रशासनिक अनुमोदन सं. L–14016/8/2014–HRD दिनांक 27.06.2014 के जरिए पश्चिम बंगाल के कूच बिहार जिले में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की अधिकारिता के लिए आईसीटी में क्षमता निर्माण"** इस परियोजना का कार्यान्वयन नाइलिट कोलकाता द्वारा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से किया जा रहा है जिसका उद्देश्य जिला कल्याण विभाग, कूच बिहार, पश्चिम बंगाल में स्मार्ट मोड आईटी आधारित स्रोत केन्द्र की स्थापना करना तथा नाइलिट इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली विनिर्माण ईएसएम 1 पाठ्यक्रम (एनवीईक्यूएफ प्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन तकनीशियन स्तर IV) में प्रशिक्षण प्रदान करके अनुसूचित जाति समुदाय से 300 आईटी कुशल संसाधन सदस्यों का विकास करना है।	₹ 55.44 लाख
नाइलिट् मुख्यालय	**प्रशासनिक अनुमोदन संख्या 11(15)/2012–ईएलजी दिनांक: 11.03.2013" के जरिये संयुक्त रूप से आईआईआईटी बंगलौर के साथ नाइलिट् के राष्ट्रीय स्तरीय प्रमाणन परीक्षा के लिए ऑनलाइन निर्धारण और मूल्यांकन प्रणाली (ओएईएस)।** इस परियोजना का अर्थ इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की वित्तीय सहायता से नाइलिट् एवं आईआईआईटी बैंगलोर द्वारा संयुक्त रूप से बैंकों के निर्माण, मूल्यांकन पद्धतियों के विकास और ऑनलाइन निर्धारण और मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से नाइलिट् 'ओ' स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा का निर्धारण करना है।	₹ 220.11 लाख
असम, बिहार, गोवा, झारखंड, मध्यप्रदेश प्रदेश, मणिपुर, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी	**"डिजिटल इण्डिया के अंतर्गत ई–वेस्ट प्रबंधन पर सरकारी कर्मचारियों का क्षमता निर्माण"** इस परियोजना का कार्यान्वयन इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और नाइलिट् की वित्तीय सहायता से नाइलिट् मुख्यालय के द्धारा नाइलिट् केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य उचित रूप से संबंधित विभागों को उनके ई–वेस्ट पर आवश्यक कदम उठाए जाने की दिशा में प्रोत्साहित करना है जो उनमें निहित विषाक्त तत्वों से पर्यावरण के साथ–साथ मानव स्वास्थ्य की भी रक्षा करेगा ।	₹ 622.63 लाख

आय बनाम व्यय
एनपीआर परियोजना को छोड़कर



Excluding income of NPR Projects (amounting to Rs. 515.22 crore)

- 2012-13 : 199.06 crore
- 2013-14 : 152.33 crore
- 2014-15 : 139.61 crore
- 2015-16 : 24.00 crore
- 2016-17 : 0.22 crore

अतिशेष
एनपीआर परियोजना को छोड़कर



Excluding surplus of NPR Projects (amounting to Rs. 269.10 crore)

- 2012-13 : 68.53 crore
- 2013-14 : 62.52 crore
- 2014-15 : 131.64 crore
- 2015-16 : 6.39 crore
- 2016-17 : 0.02 crore

वर्ष 2016–17 के लिए नाइलिट का कार्यकलापबद्ध राजस्व सृजन
(एनपीआर को छोड़कर)

वर्ष 2016–17 के लिए नाइलिट के व्यय अंश का विवरण
(एनपीआर को छोड़कर)

नाइलिट के केन्द्र

अगरतला

कार्यकारी समिति की बैठक(कें)

शून्य

कार्मिक

नियमित : 18
परियोजना आधारित : 55

कारोबार

783.36 लाख रु.

प्रभारी निदेशक

श्री अनुराग माथुर

पता

नाइलिट अगरतला केन्द्र,
आर.के. नगर (नीपको के सामने),
खयेरपुर, थाना बोधजंगनगर,
अगरतला, पश्चिम त्रिपुरा–799008 त्रिपुरा

सम्पर्क के ब्यौरे

फोनः 0381–2391010
फैक्सः 0381–2391220
वेबसाइट : www.nielit.gov.in/agartala

क्षेत्राधिकार राज्य

त्रिपुरा

अध्ययन केंद्र

- त्रिपुरा विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र
- खुमुलूंग अध्ययन केंद्रः
- खोवाई अध्ययन केंद्र

नाइलिट् केंद्र, अगरतला का उद्घाटन औपचारिक रूप से 10 फरवरी, 2009 को हुआ था। 15 एकड़ भूमि में केंद्र का स्थायी परिसर बनाया गया है। केंद्र ने स्थायी परिसर से 1 जनवरी, 2016 को अपनी गतिविधियों को शुरू किया। परिसर में शैक्षणिक ब्लॉक (जी+3), प्रशासनिक ब्लॉक (जी+2), कार्यशाला, छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर और वाहन पार्किंग की सुविधा है। नाइलिट् केंद्र, अगरतला त्रिपुरा के युवाओं को सुविधा प्रदान कर रहा है।

उत्कृष्टता के क्षेत्र

- सूचना तथा साइबर सुरक्षा
- चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी
- क्लाउड कम्प्यूटिंग एवं ऐप विकास

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम

अल्पावधि पाठ्यक्रम

- नाइलिट एसीसी, बीसीसी, सीसीसी, सीसीसी+
- कार्यालय स्वचालन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम; डेस्कटॉप प्रकाशन; लिनक्स, अपाचे, माईएसक्यूएल और पीएचपी; पीएचपी का उपयोग कर उन्नत वेब विकास; पीसी हार्डवेयर और नेटवर्किंग; मोबाइल मरम्मत और रखरखाव; पीसी की असेंबली और रखरखाव; 8051 माइक्रोकंट्रोलर का उपयोग कर एम्बेडेड सिस्टम डिजाइन, सॉफ्ट स्किल और संव्यवहार अंग्रेजी, टैली का उपयाग कर वित्तीय लेखांकन
- कंप्यूटर एप्लीकेशन और एनडब्ल्यू प्रशासन में डिप्लोमा
- मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण की मरम्मत और रखरखाव में डिप्लोमा
- सिस्को नेटवर्क अकादमी कार्यक्रम

दीर्घावधि पाठ्यक्रम

- बैचलर ऑफ कम्प्यूटर ऍप्लिकेशन (बीसीए)
- नाइलिट 'ओ' स्तर
- नाइलिट 'ए' स्तर
- सीएचएम 'ओ' स्तर
- सीएचएम 'ए' स्तर

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

त्रिपुरा सरकार द्वारा नाइलिट् सीसीसी को भर्ती/पदोन्नति के लिए अनिवार्य किया गया है।

नाइलिट् अगरतला ने प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, त्रिपुरा सरकार के अधीन विद्यालय शिक्षकों का एसीसी और सॉफ्ट स्किल्स पर 6 दिनों के आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया।

नाइलिट् अगरतला ने बीसीसी/सीसीसी/ऑफिस स्वचालन/सॉफ्ट स्किल्स और संव्यवहार अंग्रेजी पर पश्चिम त्रिपुरा जिले के बामूटिया, दुक्ली, हेज़मारा और मोहनपुर ब्लॉक के बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित किया।

नाइलिट् अगरतला ने एनइजीडी द्वारा प्रायोजित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के सरकारी कार्मिकों के लिए सीसीसी/सीसीसी प्लस पर प्रशिक्षण का आयोजन किया।

केंद्र ने वन विभाग, त्रिपुरा सरकार के अंतर्गत जेआईसीए द्वारा प्रायोजित बेरोजगार युवाओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और सॉफ्ट स्किल्स पर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया।

केंद्र ने त्रिपुरा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (टीबीएसई) के सहयोग से, टीबीएसई के लिए एलडीसी–कम–डेटा एंट्री ऑपरेटर के पद के लिए भर्ती टायपिंग टेस्ट (अंग्रेजी और बंगाली) का आयोजन किया।

केंद्र, आईआईटी गुवाहाटी और टीसीएस के सहयोग से, नाइलिट् केंद्र, अगरतला में गेट–जाम ऑनलाइन परीक्षा 2017 का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

नाइलिट् केंद्र, अगरतला ने पश्चिम त्रिपुरा, त्रिपुरा पश्चिम जिला, गोमती जिला और खोई जिले को कवर करते हुए डिजिटल पेमेंट जागरूकता अभियान का आयोजन किया।

आइजॉल

कार्यकारी समिति की बैठक(कें)

शून्य

कार्मिक

नियमित : 20
परियोजना आधारित : 31

कारोबार

682.78 लाख रु.

प्रभारी निदेशक:

श्री एन. देबचन्द्र सिंह

पता

नाइलिट आइजॉल
औद्योगिक क्षेत्र, जुआंगतुई.
आइजॉल–796017
मिज़ोरम

सम्पर्क के ब्यौरे

फोन : 0389–2350581
ई–मेल: dir-aizawl@nielit.gov.in
वेबसाइट : www.nielit.gov.in/aizwal

क्षेत्राधिकार राज्य

मिज़ोरम

विस्तार केन्द्र

• लुंगलेई

अध्ययन केंद्र

• डार्लन

नाइलिट् आइजॉल को वर्ष 2001 में स्थापित किया गया था और यह सभी में 8वें स्थान पर है तथा केंद्र और उत्तर पूर्वी क्षेत्र में दूसरे स्थान पर है। इसका उद्धेश्य आईईसीटी के क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए मिजोरम के युवाओं को सुविधा प्रदान करना है। नाइलिट् आइजॉल के प्रारंभ से, औपचारिक और अनौपचारिक पाठ्यक्रमों में 23000 से अधिक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। विस्तार केंद्र पुप्पुई, लुंगलेई भी 2013 में स्थापित किया गया था और लगभग 785 छात्रों से भी अधिक प्रशिक्षित किए गए हैं।

उत्कृष्टता के क्षेत्र

- साइबर सुरक्षा
- चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी
- कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिकी मरम्मत तथा अनुरक्षण

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम

अल्पावधि पाठ्यक्रम

- कम्प्यूटर अवधारणा पाठ्यक्रम (सीसीसी)
- जावा C/C++I C# प्रोग्रामिंग
- डॉट नेट प्रौद्योगिकी में प्रोग्रामिंग
- टैली
- ई–शासन
- इंटरनेट एवं वेब डिजाइन
- साइबर सुरक्षा
- मल्टीमीडिया तथा एनिमेशन
- कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिकी मरम्मत तथा अनुरक्षण
- चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी की मरम्मत तथा अनुरक्षण

दीर्घावधि पाठ्यक्रम

- कम्प्यूटर अनुप्रयोग में निष्णात (एमसीए)
- कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक (बीसीए)
- कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी में डिप्लोमा (डीसीएसई)
- इलेक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार इंजीनियरी में डिप्लोमा (डीईटीई)
- 'ए' स्तर
- 'ओ' स्तर
- मैट 'ओ' स्तर

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

केंद्र ने राज्य सरकार के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया तथा 239 अभ्यर्थियों को सीसीसी व् 148 को सीसीसी+ में प्रशिक्षित किया था।

केंद्र ने चार (4) औपचारिक पाठ्यक्रम जैसे एमसीए, बीसीए, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कार्यक्रम तथा वर्ष के दौरान 400 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

केंद्र ने गैर–औपचारिक प्रशिक्षण के तहत नाइलिट् 'ओ'/'ए'/मैट 'ओ' स्तर और अन्य अल्पावधि पाठ्यक्रमों में 85 छात्रों को प्रशिक्षित किया है।

221 छात्रों को विभिन्न अल्पावधि पाठ्यक्रमों जैसे मोबाइल मरम्मत, जावा, टैली आदि में प्रशिक्षित किया गया।

केंद्र ने अपने कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष के दौरान सीसीसी कार्यक्रम में 4398 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों को प्रशिक्षित किया।

नाइलिट् आईजॉल ने दिसंबर 2016 में डिजिटल भुगतान पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, इसकी जनसाधारण तक पहुँच का सुनिश्चय करने की दिशा में प्रदर्शन भी किया गया।

नाइलिट् आईजॉल ने केंद्र के छात्रों के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बावन्गाक्वान के सहयोग से डिजिटल वित्तीय साक्षरता अभियान भी आयोजन किया।

नाइलिट् आईजॉल ने डारलॉन, एजवाल सरकार नॉर्थ कॉलेज तथा ऐजावल सरकार वेस्ट कॉलेज की शुरुआत की है।

नाइलिट् आईजॉल ने 5 अगस्त, और 16 सितंबर, 2016 को स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया। इस दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया था। केंद्र के छात्रों और कर्मचारियों ने केंद्र के परिसर की सफाई में भाग लिया।

नाइलिट् आईजॉल ने नेशनल नेटवर्क सुरक्षा चैंपियनशिप पर 1 सप्ताह का प्रशिक्षण दिया और 100 से अधिक छात्रों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।

नाइलिट् आईजॉल ने टीसीएस और सिफी के सहयोग से यूपीएससी, आईबीपीएस, सीएमसी वेल्लोर, जेईई इत्यादि के लिए विभिन्न ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित की थी।

उद्योग और वाणिज्य विभाग के मंत्री श्री एच.रोहुला और विधायक आर.एल. पीनमावाया ने भी केंद्र का दौरा किया।

अजमेर

कार्यकारी समिति की बैठक(कें)

शून्य

कार्मिक

नियमित : 05
परियोजना आधारित : 10

कारोबार

531.30 लाख रु.

कार्यकारी निदेशक

श्री महेंद्र मोहन शर्मा

पता

नाइलिट अजमेर
गाँव कोहड़ा, कोटा रोड
केकड़ी (अजमेर)–305404
राजस्थान

सम्पर्क के ब्यौरे

मोबाइलः 9096106882
ई–मेल : dir-ajmer@nielit.gov.in

क्षेत्राधिकार राज्य

राजस्थान, गुजरात

विस्तार केन्द्र

शून्य

अजमेर केन्द्र ने अपने प्रशिक्षण कार्यकलाप सितम्बर, 2012 से केकड़ी में एक अस्थायी स्थान से आरम्भ किया। नाइलिट, अजमेर की स्थापना राजस्थान सरकार द्वारा उप सचिव (राजस्व) के दिनांक 12–07–2010 के पत्र सं. P6(156) राज.3 / 10 तथा दिनांक 13.2.09.10 के संशोधन के जरिए ग्राम कोहड़ा, तहसील केकड़ी, जिला अजमेर में निःशुल्क रूप में आबंटित 42.54 एकड़ भूमि पर की गई है। नाइलिट अजमेर के परिसर का भवन पूरा हो गया है और इसका कार्यालय दिसम्बर, 2015 से नए परिसर से कार्य करना शुरू कर दिया है।

उत्कृष्टता के क्षेत्र

- इलेक्ट्रॉनिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी में अनौपचारिक दीर्घावधि एवं अल्पावधि पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण।
- सीसीसी / बीसीसी / आईआरडीए परीक्षा का समन्वय।
- डीजीईएण्डटी योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति / जनजाति के रोजगार अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण।
- ईएसडीएम, एनडीएलएम योजनाओं के अन्तर्गत प्रशिक्षण।

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम

अल्पावधि पाठ्यक्रम

- मूलभूत कम्प्यूटर पाठ्यक्रम (बीसीसी)
- कम्प्यूटर अवधारणाओं पर सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र (सीसीसी)
- पीएचपी / जावा में औद्योगिक प्रशिक्षण
- आईटीईएस / बीपीओ
- वेब डिजाइन
- C/C++
- एंड्रॉयड
- पीसी असेंबली और रखरखाव
- पीसी हार्डवेयर और नेटवर्किंग

दीर्घावधि पाठ्यक्रम

- ओ लेवल सॉफ्टवेयर
- सीएचएम ओ लेवल हार्डवेयर
- ए स्तर सॉफ्टवेयर
- मैट 'ओ' स्तर

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

कार्य के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान करने के प्रयोजन से ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिकी प्रणाली डिजाइन एवं विनिर्माण) के लिए 22 प्रशिक्षण भागीदारों को प्रत्यायित किया गया।

एनडीएलएम योजना के अन्तर्गत 33 प्रत्यायित केन्द्रों के केन्द्रोंमाध्यम से डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा 2000 से ज्यादा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

राजस्थान तथा गुजरात के लिए एनसीएस पोर्टल के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मार्च 2017 तक डिजिटल भुगतान की पहल पर 140 से अधिक छोटे और मध्यम व्यापारियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया और भविष्य में, राजस्थान तथा गुजरात राज्य में 2200 से अधिक जनसाधारण को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

सीसीसी/बीसीसी/वीएलई/डब्ल्यूडीएलपी/आईआरडीए के 28507 विद्यार्थियों के लिए परीक्षाओं में समन्वय किया गया।

डीजीईएण्डटी द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति के रोजगार अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया तथा नाइलिट 'ओ' स्तर में 200 विद्यार्थियों तथा नाइलिट सीएचएम 'ओ' स्तर में 100 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

औरंगाबाद

कार्यकारी समिति की बैठक(कें)

1

कार्मिक

नियमित : 42
परियोजना आधारित : 02

कारोबार

1199.94 लाख रु.

कार्यकारी निदेशक

डॉ. संजीव कुमार गुप्ता

पता

सीईडीटीआई परिसर
डॉ. बीएएम विश्वविद्यालय परिसर
औरंगाबाद – 431004
महाराष्ट्र

सम्पर्क के ब्यौरे

फोन: 0230–2982050
ई–मेल : dir-aurangabad@nielit.gov.in

क्षेत्राधिकार राज्य

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़,
गोवा, दादर एवं नगर हवेली

विस्तार केन्द्र

शून्य

इलेक्ट्रॉनिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा मराठवाड़ा औद्योगिक निगम, महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर डॉ. बीएएम विश्वविद्यालय परिसर में सीईडीटी के नाम से यह केन्द्र 19 सितम्बर, 1986 को निम्नलिखित उद्देश्यों से स्थापित किया गया था।

- **उत्पाद डिजाइन, विकास, विनिर्माण और रखरखाव के लिए मानवशक्ति को प्रशिक्षित करना।**
- **उद्योगों, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और शैक्षिक संस्थानों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखना।**
- **उत्पाद विकास, अनुबंध अनुसंधान और परामर्श की शुरुआत करना।**

उत्कृष्टता के क्षेत्र

- साइबर भौतिक प्रणाली
- एम्बेडेड प्रणाली व् आईओटी

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम :

अल्पावधि पाठ्यक्रम

- सीसीएनए पाठ्यक्रम
- आईटी 'ओ' स्तर
- एफपीजीए प्रोटो टाइपिंग
- आईटी डीबीएमएस
- लिनक्स शेल स्क्रिप्ट
- परीक्षा सॉफ्टवेयर
- स्वच्छ भारत मिशन पोर्टल प्रशिक्षण
- एनसीएस पोर्टल प्रशिक्षण

दीर्घावधि पाठ्यक्रम

- डीइपीएम्
- आईटी डीबीएमएस
- बी.टेक – इलेक्ट्रॉनिकी प्रणाली इंजीनियरी
- एम.टेक (ईडीटी) एफटी
- एम.टेक (ईडीटी) पीटी
- पीएचडी

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

81213 शिक्षार्थी विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए, जिसमें से 91 पीएचडी, 57 एम.टेक विद्यार्थी (पूर्णकालिक+अंशकालिक), 228 बीटेक विद्यार्थी, 2503 डिप्लोमा विद्यार्थी (औपचारिक और अनौपचारिक) और 78334 प्रमाणपत्र कार्यक्रम के लिए सम्मिलित हैं।

विज्ञान दिवस और टेक उत्सव मनाया गया और इन कार्यक्रमों में औरंगाबाद के स्कूलों/कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, प्रथम बार योग दिवस को मनाया गया।

डीजीईएंडटी, एमओएलई, भारत सरकार ने 1000 एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए सीएचएम 'ओ' लेवल पाठ्यक्रम तथा 200 एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए सॉफ्टवेयर 'ओ' स्तर पाठ्यक्रम के संचालन हेतु नाइलिट् को 6वें बार आदेश दिया था।

राष्ट्रीय स्तर पर 82 मान्यता प्राप्त हार्डवेयर संस्थान और 30 से अधिक क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से, सीएचएम 'ओ' और सीएचएम 'ए' के लिए 2429 अभ्यर्थियों को पंजीकृत किया गया और हाल ही में परीक्षा में सीएचएम 'ए' स्तर का पाठ्यक्रम 3733 अभ्यर्थियों के लिए सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

कुल 5816 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए हैं और 1337 को 'डिजिटल इंडिया के लिए ईएसडीएम् में कौशल विकास योजना' के अंतर्गत प्रमाणित किया गया है।

राष्ट्रीय स्तर की डब्ल्यूडीएलपी/आईआरडीए, वीएलई और बीसीसी परीक्षाएं पश्चिमी क्षेत्र में 71483 अभ्यर्थियों के लिए सफलतापूर्वक आयोजित की गईं।

सरकारी अधिकारियों के लिए ई–वेस्ट प्रबंधन पर 3 दिवसीय पाठ्यक्रम का संचालन किया गया है, कुल 54 अभ्यर्थियों को गोवा राज्य में प्रशिक्षित किया गया है।

आईओटी और एंबेडेड सिस्टम के लिए कालीकट में संसथान के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

केंद्र सर्वर की सुविधा को सिस्को यूसीएस 5108 सर्वर सहित दो ब्लेड सर्वर के साथ 10 जीबीपीएस में 40 टीबी स्टोरेज तथा सर्वर और स्टोरेज के बीच अंतर संपर्क के साथ अपग्रेड कर दिया गया है।

मॉडल कैरियर केंद्र (एमसीसी) की स्थापना और इसी माध्यम से, औरंगाबाद के विभिन्न स्थानों पर 4 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। कुल 6500 अभ्यर्थियों ने भाग लिया और 1400 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया।

मार्च, 2016 से अप्रैल, 2017 तक, कुल 2285 पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाणपत्र जारी किए गए।

छात्रों के लिए 32 कमरों के साथ एक बहु मंजिला छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण।

कालीकट

कार्यकारी समिति की बैठक

23वीं बैठक, 08 अगस्त, 2016

कार्मिक

नियमित : 37
परियोजना आधारित : 18

कारोबार

918.40 लाख रु.

कार्यकारी निदेशक

डॉ. एम.पी. पिल्लै

पता

नाइलिट कालीकट
एनआईटी परिसर डाकघर
कालीकट–673601
केरल

सम्पर्क के ब्यौरे

फोनः 0495–2287123 फैक्स : 0495 2287168
मोबाइलः 9446026809
ई–मेल : dir-calicut@nielit.gov.in

क्षेत्राधिकार राज्य

केरल, कर्णाटक तथा लक्षद्वीप

विस्तार केन्द्र

शून्य

केंद्र की स्थापना 1989 में हुई थी। तब से केंद्र उद्योग उन्मुखी गुणात्मक शिक्षा के संचालन और विभिन्न औपचारिक रूप से अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण, सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी) के क्षेत्र में क्षमता निर्माण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन से जुड़ा हुआ है। केंद्र आवेदन उन्मुखी आर एंड डी के साथ–साथ उत्पाद विकास और औद्योगिक परामर्श सेवाओं से भी जुड़ा हुआ है। 25 एकड़ में समृद्ध हरे परिसर में इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित किया गया है जिसमें लाइन पर कई परिष्कृत प्रयोगशालाएं, स्मार्ट क्लास रूम, आईईईई पहुंच, एनकेएन कनेक्टिविटी, 24x7 वाईफाई सुविधा, छात्र हॉस्टल, कैंटीन और स्टाफ क्वार्टर सम्मिलित हैं। केंद्र **आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित** है औपचारिक पाठ्यक्रम एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और एपीजेक तकनीकी विश्वविद्यालय केरल से संबद्ध हैं। कालीकट विश्वविद्यालय के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स में पीएचडी के लिए अनुसंधान केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त है।

उत्कृष्टता के क्षेत्र

- अन्तर्निर्मित प्रणालियाँ, वीएलएसआई डिजाइन
- प्रक्रिया नियंत्रण एवं औद्योगिक स्वचालन
- आईओटी विकास एवं स्मार्ट अनुप्रयोग
- क्लाउड कम्प्यूटिंग एवं सूचना सुरक्षा
- बृहद डेटा विश्लेषण

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम

अल्पावधि पाठ्यक्रम

इन क्षेत्रों में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमाः

- एंबेडेड सिस्टम डिज़ाइन
- वीएलएसआई और एंबेडेड हार्डवेयर
- इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिज़ाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम)
- थिंग्स ऑफ इंटरनेट (आईओटी)
- औद्योगिक स्वचालन प्रणाली डिजाइन
- सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी
- सूचना सुरक्षा और क्लाउड कंप्यूटिंग

इन क्षेत्रों में उन्नत डिप्लोमाः

- पीएलसी / स्काडा / डीसीएस इंजीनियर
- एंड्रॉइड अनुप्रयोग विकास
- सूचना सुरक्षा और लेखापरीक्षा

दीर्घावधि पाठ्यक्रम

- इलेक्ट्रॉनिकी में पीएचडी

मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.टेक)

- एम्बेडेड प्रणाली
- इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन प्रौद्योगिकी

नाइलिट् सीएचएम' ओ' स्तर और नाइलिट् 'ओ' स्तर

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

विभिन्न औपचारिक, अनौपचारिक तथा प्रमाणन योजना के माध्यम से कुल मिलाकर 7020 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया व् परीक्षा ली गई।

विशेष एम.टेक. और एम.सी.ए. कार्यक्रमों के माध्यम से 81 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

कुल 519 अभ्यर्थियों को पीजी डिप्लोमा, एडवांस्ड डिप्लोमा, आईसीटीटी के उन्नत क्षेत्रों में सर्टिफिकेट प्रोग्राम के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

पूर्व, डीओईएसीएसी योजना के माध्यम से इस क्षेत्र में कुल 603 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया था।

आईटी साक्षरता, ग्रामीण कौशल विकास पर विभिन्न वित्तपोषित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से 1506 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जिसमें, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक लाभार्थी शामिल हैं।

बीसीसी, सीसीसी और एनडीएलएम के माध्यम आईटी साक्षरता कार्यक्रम पर 4311 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित/परीक्षण किया गया।

आईइइइ के सहयोग से आईइसीटी के उन्नत क्षेत्रों में 05 कार्यशालों का आयोजन किया गया।

डिजिटल इंडिया की पहल के रूप में राज्य भर में 16 डिजिटल भुगतान जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें 2200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मेक इन इंडिया पहल और एम्इआईटीवाई द्वारा समर्थित "स्वदेशी आईसी विकास" के अंतर्गत भारत में अपनी तरह की पहली पीएनडीटी अनुपालन के साथ मेडिकल अल्ट्रा साउंड सिस्टम के विकास के लिए दो प्रतिष्ठित आरएंडडी परियोजनाओं को कार्यान्वित करना।

आईईईईई स्कोप 2016 सहित प्रतिष्ठित पत्रिकाओं और सम्मेलनों में 08 शोध पत्र प्रकाशित हुएं।

डिजाइन/स्वचालन पर 04 सूक्ष्म उद्योगों को तकनीकी परामर्श प्रदान किया गया, 30 से अधिक पार्टियों ने विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया जिसमें एएमसी, ऑनलाइन परीक्षा और एलईडी परीक्षण आदि शामिल हैं।

केंद्र ने एसएसआई के लिए 60 से अधिक उत्पाद प्रौद्योगिकियों और स्वचालन के साथ–साथ सरकारी एजेंसियों के लिए इसकी शुरुआत की है।

एम्इआईटीवाई द्वारा समर्थित सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता (आईएसईए–द्वितीय के तहत संस्थानों ने भाग भाग लिया।

भारत में डीजीई, भारत सरकार के समर्थन से वर्ष 2015 के दौरान, पहले "मॉडल कैरियर केंद्र" के परिसर की स्थापना की गई थी कुल 3789 अभ्यर्थियों में से 18964 नौकरी पाने वालों को प्लेसमेंट के लिए सूचीबद्ध किया गया था।

चण्डीगढ़

कार्यकारी समिति की बैठक

ईसी बैठक, 29 मार्च, 2017

कार्मिक

नियमित : 126

परियोजना आधारित : 537

कारोबार

8008.57 लाख रु.

कार्यकारी निदेशक

डॉ. महेंद्र मोहन शर्मा

पता

नाइलिट चण्डीगढ़

सी–134, फेज़–VIII

औद्योगिक क्षेत्र, सेक्टर–72

एसएएस नगर, मोहाली–160071

पंजाब

सम्पर्क के ब्यौरे

फोन: 0172–2236453

क्षेत्राधिकार राज्य

पंजाब, हरियाणा (गुड़वाँव को छोड़कर)

हिमाचल प्रदेश

विस्तार केन्द्र

- यूएचबीवीएन, रोहतक
- यूएचबीवीएन, कुरुक्षेत्र
- यूएचबीवीएन, झज्जर
- यूएचबीवीएन, यमुनानगर

नाइलिट, चण्डीगढ़ की स्थापना वर्ष 1978 में सूचना, इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईईसीटी) के क्षेत्रों में प्रोफेशनल सेवाएँ प्रदान करने के लिए की गई थी। यह इस क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है। यह केन्द्र आईएसओ 9001:2008 प्रमाणित है। केंद्र का उद्देश्य अत्यधिक उपयोगकर्ता की संतुष्टि के लिए सभी सूचना, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार तकनीकी (आईईसीटी) के पहलुओं पर ज्ञान का प्रसार करना है तथा इसके लिए मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड भी बनाया गया है। यह केंद्र समय–समय पर मूल्यांकन की आवश्यकताओं के आधार पर ग्राहकों के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सेवाएं प्रदान करता है। नाइलिट् शिमला की स्थापना 1995 में हुई थी। केंद्र का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश राज्य में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पेशेवर सेवाएं प्रदान करना है।

उत्कृष्टता के क्षेत्र

- आईईसीटी में क्षमता निर्माण
- विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षण
- सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आद्योपान्त परियोजनाएँ
- सॉफ्टवेयर विकास
- हार्डवेयर तथा सॉफ्टवेयर के चयन में परामर्श–सेवा
- कम्प्यूटर साधित डिजाइनिंग (कैड)

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम

अल्पावधि पाठ्यक्रम

• एंबेडेड सिस्टम डिज़ाइन में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम Arduino • इन्टरनेट ऑफ़ थिंग्स (आईओटी) • कोर जावा, जे2इइ • एएसपी.नेट सी # के साथ • MySQL के साथ पीएचपी • सी/सी ++ • वेब डिज़ाइनिंग • क्रिएटिव ग्राफिक डिजाइन • ऑटोकैड • पईथान के साथ रेस्बेरी पी • MATLAB सिस्टम एडमिनिस्ट्रेशन में सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम • क्लाउड कंप्यूटिंग और वर्चुवललाइजेशन में क्लौड कम्प्यूटिंग • एस क्यूएल सर्वर/ओरेकल • हडोप यूजिंग बिग डेटा के साथ विश्लेषण • एंड्रॉइड यूजिंग मोबाइल एप्लिकेशन विकास में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम • सीसीएनए वी 6.0 रूटिंग और स्विचिंग (मॉड्यूल 1 और 2) • सीसीएनए वी 6.0 रूटिंग और स्विचिंग (मॉड्यूल 3 और 4) • प्रमाणित इथिकल हैकर (सीईएच) वी 9.0

दीर्घावधि पाठ्यक्रम

• नाइलिट ओ/ए/बी स्तर • पीजीडीसीए • डीसीए • सूचना सुरक्षा और सिस्टम प्रशासन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा • सॉफ्टवेयर तकनीकी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा • कंप्यूटर हार्डवेयर व नेटवर्किंग में डिप्लोमा • सूचना प्रणाली सुरक्षा में उन्नत डिप्लोमा • एमसीआरपी विश्वविद्यालय भोपाल का पीजीडीसीए

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

केन्द्र ने विभिन्न दीर्घावधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत 213 तथा अल्पावधि एवं औद्योगिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में 739 विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के रोजगार लेने वाले अभ्यर्थियों की डीजीईऔरटी प्रायोजित योजना तथा एम्ईआईटीवाई प्रायोजित ईएसडीएम् योजना के अंतर्गत कुल 3108 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित/मूल्यांकन किया गया।

पंजाब में, सीएससी–वीएलई की योजना के अंतर्गत 404 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया। पंजाब और चंडीगढ़ से डीजीई और टी के राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल पर 40 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

वायु सेना के पूर्व सैनिक, पुनर्वास निदेशालय– रक्षा और नौसेना के 44 अभ्यार्हित्यों को सीएचएम–ओ स्तर में प्रशिक्षित किया गया।

एआईजी / आईटी पंजाब पुलिस विभाग के 15 आईटी पेशेवरों के लिए 'आईटी प्रोजेक्ट्स और नेटवर्किंग प्रबंध' पर दो पूर्ण दिवसीय पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

विभिन्न विभागों के 78 अभ्यर्थियों को अन्य कॉर्पोरेट प्रशिक्षण प्रदान किए गए।

नाइलिट् प्रशिक्षण डिवीजन और विद्यार्थियों ने 30 नवंबर, 2016 को विभिन्न पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए अपने परिसर में नाइलिट् आईटी उत्सव– 2016– झंकार का आयोजन किया।

पॉलिटेक्निक के 50 महिला अभ्यर्थियों के लिए दो सप्ताह की कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया था। नाइलिट् पैन इंडिया के तकनीकी कर्मचारियों के लिए आईओटी और बिग डेटा पर व्याख्यान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिया गया।

आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए डिजिटल पेमेंट्स और कैशलेस टेक्नोलॉजी पर विभिन्न बैचों के औद्योगिक प्रशिक्षण के व्याख्यान/ प्रस्तुति दिसंबर और जनवरी, 2017 में दिए गए थे।

एनईजीडी डिजिटल इंडिया कार्यशालाएं पंजाब और हरियाणा के विभिन्न शहरों में आयोजित की गईं।

केंद्र घरेलू, वाणिज्यिक, कृषि, औद्योगिक, पंजाब और हरियाणा चंडीगढ़ के सार्वजनिक प्रकाश उपभोक्ताओं से संबंधित 6 लाख से भी अधिक उपभोक्ताओं के बिजली बिलों को बनाने में संलग्न है।

केंद्र ने पंजाब पुलिस के आईटी और टी विंग में इंटेलिजेंस विंग में कॉन्स्टेबल, उप निरीक्षक, खुफिया सहायक और खुफिया अधिकारी के पद के लिए 75,000 अभ्यर्थियों के लिए भर्ती परीक्षा का संचालन किया।

केंद्र ने नाइलिट् की परीक्षाओं, पाठ्यक्रमों, प्रत्यायन और अन्य विभिन्न योजनाओं आदि से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिए जाने की सफलतापूर्वक शुरूआत की। राष्ट्रीय स्तर के कॉल सेंटर को दिसंबर–2016 में अपने स्वयं के परिसर में स्थापित किया था। यह सेवा एक टोल–फ्री टेलीफोन नंबर 1800–11–6511 के माध्यम से अभिगम है।

चेन्नै

कार्यकारी समिति की बैठक

शून्य

कार्मिक

नियमित : 05
परियोजना आधारित : 14

कारोबार

437.97 लाख रु.

निदेशक

श्री जी जॉन

पता

25, आईएसटीई कॉम्प्लेक्स
गांधी मण्डपम रोड
(अन्नासेंटिनरी पुस्तकालय के सामने)
कोट्टूर्पुरम, चेन्नै – 600 025

सम्पर्क के ब्यौरे

फोन: 044–24421446 / 7
मोबाइल: +91 9489540125
ई–मेल : dir-chennai@nielit.gov.in

क्षेत्राधिकार राज्य

तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पुडुचेरी तथा अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह

विस्तार केन्द्र

शून्य

नाइलिट् चेन्नै ने चेन्नै में "नाइलिट् सेंटर की स्थापना" परियोजना के अंतर्गत 6 जनवरी, 2009 को एमइआईटीवाई, भारत सरकार के प्रशासनिक अनुमोदन से की गई थी। नाइलिट चेन्नै एक उन्नत प्रशिक्षण एवं विकास केन्द्र के रूप में उभरा है जिसमें आईईसीटी प्रौद्योगिकियों अर्थात वीएलएसआई डिजाइन, अन्तर्निर्मित प्रणाली डिजाइन, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की औद्योगिक डिजाइन, परीक्षण एवं परिमापन, ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिकी, सूचना सुरक्षा तथा सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों (ई–अधिगम / मल्टीमीडिया एनिमेशन) पर जोर देते हुए अद्यतन तकनीकी जानकारी की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इससे योग्य विद्यार्थियों को इंजीनियरी एवं विज्ञान संस्थानों से उत्तीर्ण होने, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद डिजाइन मे अपनी कौशल में अभिवृद्धि करने में सहायता मिलेगी ताकि, रोजगार पाने वाले तैयार हो सकें, जब उनके रोजगार के लिए कंपनियों के पास उनके प्रशिक्षण पर निवेश करने की आवश्यकता न हो। इसके अतिरिक्त, कार्मिक तथा शिक्षक वर्ग भी आईईसीटी के उभरते क्षेत्रों में अपने ज्ञान को अद्यतन कर सकेंगे।

उत्कृष्टता के क्षेत्र

- इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद डिजाइन
- अन्तर्निर्मित प्रणाली डिजाइन तथा वीएलएसआई

चलाए जाने वाले पाठ्यक्रम

अल्पावधि पाठ्यक्रम

• प्रोफेशनल नेटवर्किंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम • ड्रीमइवेर का उपयोग करके वेब डिज़ाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम • इलेक्ट्रॉनिक्स पैकेजिंग में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम • एंबेडेड सिस्टम सॉफ़्टवेयर व् डिज़ाइन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम • एम् एसपी 430 का उपयोग करके एंबेडेड सिस्टम डिजाइन जेड वाईएनक्यू 7000 का उपयोग करके एंबेडेड सिस्टम डिज़ाइन • पीसीबी डिजाइन टेक्नोलॉजी • Arduino का उपयोग करके एंबेडेड सिस्टम डिज़ाइन • सिग्नल विश्लेषक व् मॉड्यूलर • डिजीटाईजर तकनीकी व् अनुप्रयोग • सी भाषा के माध्यम से प्रोग्रामिंग • डीएसओ के मापन और कार्य • एनसीएस पोर्टल प्रशिक्षण • आईटी प्रवीणता प्रशिक्षण • बिजली आपूर्ति मरम्मत और रखरखाव • इन्वर्टर और यूपीएस • फोटोकॉपियर और प्रिंटर की मरम्मत • इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद परिक्षण में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम • बिजली आपूर्ति में मरम्मत और रखरखाव • इन्वर्टर और यूपीएस की स्थापना और पीसी का रखरखाव • दूरसंचार तकनीशियन– पीसी हार्डवेयर और नेटवर्किंग • एंबेडेड सिस्टम डिज़ाइन का उपयोग कर– बिट माइक्रोकंट्रोलर • इंस्टॉलेशन • गृह उपकरण की मरम्मत और रखरखाव • कम्प्यूटर सहायता प्राप्त उत्पाद डिजाइन • मोबाइल फोन हार्डवेयर मरम्मत तकनीशियन • आपातकालीन प्रकाश और सौर लालटेन का परीक्षण • सौर एलईडी प्रकाश उत्पाद (डिजाइन और विनिर्माण) • फील्ड तकनीशियन – कंप्यूटिंग और पेरिफेरियल • डीटीएच सेट टॉप बॉक्स इंस्टॉलर और सेवा तकनीशियन • हैंडसेट मरम्मत इंजीनियर

दीर्घावधि पाठ्यक्रम

• एम.टेक (ईडीटी) • डीओइएसीसी 'ओ' स्तर, • सीएचएम–'ओ' स्तर • इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद डिजाइन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

विशेषताएँ एवं उपलब्धियाँ

एम्इआईटीवाई, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त **"चेन्नै में नाइलिट केन्द्र की स्थापना"** शीर्षक से परियोजना के अन्तर्गत केन्द्र ने 20,105 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया है।

एम्इआईटीवाई, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त 3362 अभ्यर्थियों को **"इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद डिजाइन और उत्पादन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्षमता निर्माण"** शीर्षक के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया है।

एम्इआईटीवाई, भारत सरकार के **"डिजिटल इंडिया के लिए एसएसडीएम में कौशल विकास"** की योजना के अंतर्गत 50 से अधिक प्रत्यायित प्राप्त प्रशिक्षण भागीदारों के माध्यम से 1700 से अधिक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया।

"सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता (आईएसईए)" शीर्षक परियोजना के अंतर्गत एम्इआईटीवाई, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त 48.23 लाख रूपये की जीआईए की पहली किश्त प्राप्त हुई है तथा इसे प्रशिक्षण सुविधाओं को बढ़ाने के लिए खर्च किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, 268 सार्वजनिक क्षेत्र और सरकारी अधिकारियों और 159 पेशेवरों ने इस परियोजना के अंतर्गत सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया।

एम्इआईटीवाई, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त **"ई–वेस्ट मैनेजमेंट पर सरकारी अधिकारियों की क्षमता निर्माण"** शीर्षक परियोजना के अंतर्गत 84 सरकारी अधिकारी और पुडुचेरी के 35 पेशेवारों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया।

टीएनएसडीसी तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रदत्त **"रोजगार हेतु कौशल प्रशिक्षण"** शीर्षक परियोजना के अंतर्गत 400 युवाओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया।

